रांची, शनिवार 04.05.202 , वर्ष : 09
हिन्दी दैनिक
स्वदेश टुडे
अंक : 122, पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपया
देश की आवाज



## प्रधानमंत्री मोदी का मेगा रोड शो



# रांची की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, लगे 400 पार के नारे

**रांची/स्वदेश संवाददाता:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया। इस दौरान लोगों ने अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। वहीं, खुली जिप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों का अभिवादन करते नजर आये। हाथ में कमल का निशान लोगों को दिखाते हुए मुस्कुराते मतदान की अपील कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने रांची के भारत माता चौक हरमू से रोड शो की शुरूआत की। काफिले में रांची लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ, भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी ने खुली जीप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। काफिला जैसे-जैसे अपने निर्धारित कार्यक्रम स्थल रातू रोड चौराहे के करीब पहुंच रहा था लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा था। मोदी के आगमन पर उनकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकताओं का जमावड़ा रहा। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे लोग प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह मोदी के स्वागत की तैयारी की गई थी। भाजपा के साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के स्वागत में जुटे थे।

### चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना, कहा

# मेरे रहते कोई संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता, ये मोदी की गारंटी है

स्वदेश संवाददाता

**चाईबासा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता।




**कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही :** मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं। कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी।

**घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। यही हाल झारखंड का बनाना चाहते हैं। मोदी ने झारखंड की धरती से कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह लिखकर दें कि वो एसटी-एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को नहीं देंगे। कांग्रेस का कोई नेता यह बात लिखकर देने को तैयार नहीं है। क्या हम बाबा साहेब द्वारा मिले अधिकार को छीनने देंगे। मोदी आपके लिए लड़ने और मरने को भी तैयार है।

**झारखंड की भूमि से लॉन्च की आयुष्मान भारत योजना :** प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब की जयंती के दिन आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से लांच की। दुमका की धरती से मुद्रा योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरूआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं, झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। अब 13 मई को जनता का वोट झारखंड के विकास और सुरक्षा की गारंटी बनने वाला है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सिंहभूम प्रत्याशी गीता कोड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दिल का है भाजपा और झारखंड का रिश्ता



**पीएम** मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़ों का हक मुसलमानों को दे देगी और घुसपैठियों के कारण झारखंड बंगाल बन जाएगा।






NEWS IN Gallery

### साउदी अरब से हज करके अपने वतन लौटे जायरीन

**सिल्ली :** मूरी जन्नत हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड झारखंड के तत्वाधान से मूरी बोकारो चंद्रपुरा बरैली के 35 जायरीन को हज उमरा के लिए ले जाया गया जिसकी अगवाई जन्नत हज उमरा पराईवेट लिमिटेड के मैनेजर महबूब आलम ने किया सभी को मक्का शरीफ में अपने साथ जियारत कराई और मक्का शरीफ की तवाफ कराई और मोहम्मद सल्लालहो आलैही वा सलाम की रोजा मुबारक की जियारत करवाई फिर मक्का से सभी हाजियों को लेकर 480 किलोमीटर दूर मदीना शरीफ की जियारत कराई जहां पे सभी हाजियों ने अपने मुल्क हिंदुस्तान और अपने परिवार के खुशहाली के लिए दुवा मागी गई और सभी को साथ में लेकर 03 मई को अपने वतन हिंदुस्तान को लौटे जहा पर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जन्नत हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मोहम्मद आलम ने सारे हाजियों का फूल माला पहना कर जोर दार स्वागत किया गया

### हाइवा के धक्के से बिजली मिस्त्री की मौत पर हंगामा, हाइवा समेत चार वाहन फूंके गए

**पलामू :** जिले के चैनपुर-रामगढ-भंडरिया मुख्य पथ पर चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढा में कमांडर जीप से जा रहे एक युवक को हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान रामगढ निवासी फिरोज अंसारी (32 ) के रूप में हुई है। फिरोज बिजली मिस्त्री का काम करता था। फिरोज जिस कमांडर जीप से जा रहा था, उसे कभी चलाता भी था। घटना से गुस्साए स्थानीय लोग उग्र हो गए हैं और तीन से चार वाहनों में आग लगा दी है। हालांकि इसके आंकड़े और भी हो सकते हैं। सूचना मिलने पर चैनपुर एवं रामगढ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गयी और स्थिति को नियंत्रण में करने की कोशिश कर रही है। बताया जाता है कि फिरोज अंसारी शुक्रवार की शाम एक कमांडर जीप से रामगढ जा रहा था। इसी क्रम में जैसे ही अंधारीढोढा में पहुंचा कि सामने से आ रहे हाइवा ने साइड लेने में फिरोज को चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर फिरोज के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। आगजनी के बाद उपरोक्त मुख्य मार्ग पर जाम लग गया है।

# लोकतंत्र के महापर्व में उत्सव का माहौल बनायें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पर्ची वितरण की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त नें दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके। उन्होंने मतदान की तिथि को किए जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। एएमएफ, वोटर्स फैसिलेटेशन पोस्टर, कम्युनिकेशन प्लान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्लस्टर एवं बूथों पर सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं।

### व्यय प्रेक्षक ने की उम्मीदवारों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जांच

**खूंटी :** खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 से निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जांच शुक्रवार को समाहरणालय, के विकास भवन स्थित सभागार मे व्यय प्रेक्षक एसआर नेडुमारन और सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी। जांच में उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी अर्पणा हंस, झारखण्ड पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय, बसंत कुमार लोंगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जांच के लिए उपस्थित हुए। इस दौरान जारी दिशा निदेर्शों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया।

# हाथ को साफ करना है और कमल को चुनना है : कोचे मुंडा

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** खूंटी के विधायक और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के संयोजक कोचे मुंडा ने कहा कि इस बार हाथ को साफ करना है और कमल को ही चुनना है ताकि हम तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार को ला सकें। विधायक शुक्रवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के रनिया में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से विपक्षी घबड़ा गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। महिलाओं के सम्मान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे उज्वला योजना, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि। इन योजनाओं से जुड़कर लोग लाभान्वित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दें और पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। तोरपा विधानसभा चुनाव प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री पुनः नरेन्द्र मोदी को बनाने और भाजपा के खूंटी लोकसभा सीट के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को विजयी बनाने के लिए पार्टी के हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर मेहनत करने की जरूरत है। मोदी में विश्वास कर कमल का बटन दबाकर देश में चार सौ सीट जीतने के सपने को साकार करना है। क्योंकि, देश में प्रधानमंत्री मोदी ही देश के विकास के लिए संकल्पित हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, भागीरथ राय, सुशीला देवी, विनोद भगत, शशांक शेखर राय, बागुन साहू, डोमन सिंह, विश्वनाथ स्वांसी, सीताराम नाग, कृष्णा सिंह, जसपति देवी, अहिल्या देवी, किशोर साहू, राज किशोर सिंह भुईया, अनिमा देवी, शिव अवतार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यशस्विनी सहाय ने इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं से की औपचारिक मुलाकात



स्वदेश संवाददाता

**सिल्ली :** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय ने सिल्ली प्रखंड के तीन पंचायत दोवाडू, बढ़ा चांगडू, पतराहातु स्थान - पतराहातु बाजार टाड़ में कांग्रेस एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ता से औपचारिक मुलाकात की। साथ ही 6 मई 2024 को नामांकन दाखिल कार्यक्रम में सिल्ली से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपिल की है। इसके बाद दुर्गा मन्दिर बंता में कार्यकर्ता ओं द्वारा यशस्विनी सहाय जी का स्वागत किया गया। अंत में सिल्ली धर्मशाला में लक्ष्मी नारायण मन्दिर में रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जी ने पूजा अर्चना की। एवं प्रेस वार्ता की। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सिल्ली के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, सिल्ली विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश प्रसाद साहु, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, अल्पसंख्यक सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष शहबुद्दीन अंसारी, सिल्ली एस टी अध्यक्ष श्रीप्रसाद बड़ाईक, युवा कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रोहित मुंडा, पिनाकी बनर्जी, दीपक कर, मो. कलाम, चैतन मुंडा, घासीराम पातर, बिंदेश्वर महतो, सुरेश गोन्झु, रामेश्वर महतो, भागीरथ महतो, सदानंद सोनार, इत्यादि साथ ही सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया,बानेश्वर महतो, इत्यादि इंडिया गठबंधन के साथी गण उपस्थित थे।

# नेत्र रोग विशेषज्ञों का 21वां वार्षिक सम्मेलन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची में

स्वदेश संवाददाता




**रांची: झारखंड** ओफ्थाल्मोलोजीकल सोसाइटी के तत्वधान में नेत्र रोग विशेषज्ञों के 21 वें वार्षिक सम्मेलन के पहले दिन डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र का आयोजन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची में किया गया। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के सभागार में मौजूद झारखंड के सभी नेत्र चिकित्सकों ने देखा और सर्जनो से सवाल-जवाब किया। डॉ. बिभूति कश्यप और डॉ. निधि गड़कर कश्यप इस डेफर्ड लाइव सर्जरी के संयोजक थे। डेफर्ड लाइव सर्जरी के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. समर बसाक थे। ज्ञातव्य हो की इस अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सम्मारोह में एजुकेशनल एवं साइंटिफिक गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से लगातार दूसरी बार सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड को प्राप्त करने के लिए झारखण्ड के जिन नेत्र चिकित्स्कों ने मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, नेत्रदान एवं डायबिटिक रेटिनोपैथी के क्षेत्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया और जिन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के प्रशिक्षण के लिए कार्य किया उन्हें अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. समर बसाक ने झारखण्ड एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। झारखण्ड एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने वाले संस्थान एवं डॉक्टर्स रियो रिम्स रांची, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, सीसीएल रांची, बोकारो जनरल हॉस्पिटल, जमशेदपुर तथा धनबाद नेत्र सोसाइटी, डॉ. पिंकी पाल, डॉ. प्रीतिश प्रोणोय, डॉ. राशि श्याम। झारखण्ड नेत्र सोसाइटी की चेयरपर्सन साईंटीफिक कमिटी डॉ भारती कश्यप ने बताया, नेत्र सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र में माइनस पॉवर कम करने के ऑपरेशन से लेकर पलक, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद, रेटिना की 11 तरह की नयी-नयी सर्जिकल तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। डॉ. समर बसाक ने कहा कि यह सभी लोगों को पता है कि नेत्रदान से बड़ा और कोई दान नहीं है। बावजूद इसके नेत्रदान की जितनी आवश्यकता है वह पूरी नहीं हो पाती है। इसकी वजह लोगों में जागरूकता की कमी है। लेकिन झारखंड में नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक कराने में कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब ने जितना प्रयास किया है।

## बसों की धर पकड़ से चरमरा गई है खूंटी की परिवहन व्यवस्था: अरूण साबू

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** खूंटी जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार जयसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बस संचालकों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से इस निर्णय लिया गया कि सभी बस संचालक आनेवाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे और दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। मौके पर अरूण कुमार साबू ने कहा कि मतदान करना हमारे भारतीय होने की पहली पहचान है। उन्होंने कहा कि इस बात को भी हमें ध्यान देना है कि हम बस संचालक जनहित के कार्य के लिए अपनी सेवा देते हैं। अपनी बसों का परिचालन जनता की सुबिधा के लिए करते है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में खूंटी ही एक ऐसा जिला है, जहां बसों को चुनाव कार्य के लिए बसों को पकड़ा जा रहा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बसों को जब्त करने में नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को मतदान करने अपने गाव तक आने-जाने में वाहनों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिला प्रशासन पूरे जिले में नाकाबंदी कर सभी बसों को पकड़ रहा है। यदि सभी वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा, तो लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होगी। इस ओर मुख्य चुनाव आयुक्त का ध्यान आकृष्ट करते हुए साबू ने कहा कि सभी मार्गों में चलने वाली बसों को जब्त क लेने का यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। बसों का परिचालन मतदान से लगबहग पांच दिन पहले ही ठप हो जायेगा। एक भी बस नही चलेगी। इससे जनता को और चुनाव कार्य मं लगे पदाधिकारियों को आने-जाने में ऑटो का सहारा लेना होगा। एसोसिएशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की कि चाईबासा और सिमडेगा मार्ग में 10 बसों के आने-जाने की अनुमति दी जाय।

# बीडीओ व स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू नियंत्रण को लेकर दुकानों की जांच की, पांच दुकानों के चालान काटे

स्वदेश संवाददाता



**सिल्ली:** सिल्ली स्वास्थ्य विभाग के तम्बाकू नियंत्रण सेल ने बुधवार को सिल्ली बाजार, बस स्टैंड व? सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग? अभियान चलाया। टीम में शामिल बीडीओ रेणु बाला, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ? सिल्ली बजार में पान ठेले एवं परचुन दुकानों की जांच की । प्रखंड विकाश पदाधिकारी रेणुबाला ने, दुकानदारों व लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी, सिगरेट व तंबाकू का सेवन न करने और न बेचने के लिए कहा। वही चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों? के बारे में जागरूक किया। दुकान चला रहे? दुकानदारों को बीड़ी,? सिगरेट, गुटखा की बिक्री न करने? की चेतावनी दी।इस दौरान टीम ने कोटपा? एक्ट के तहत 5 दुकानदारों के? चालान काटे और 1000 रुपये जुमार्ना? वसूल किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशि भूषण चौबे लिपिक संजीव कुमार महतो आदि शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष लखन उराँव जी के नेतृत्व में गुड़ी पंचायत अंतर्गत नगडा, बरवा टोली,चीपो, गढ़टोली, गुड़ी बाघी आदि गांवों में भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार किया गया । जिसमें भाजपा के प्रत्यासी श्री समीर उराँव को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया गया। ग्रामीण जनता भी इस बार देश मे मोदी सरकार बनाने का मन बना लिया है। गाँव के सभी जनता देश का विकास चाहती है। केंद्र सरकार के द्वारा दिये गए योजना प्रधानमंत्री आवास, गैस,नल जल, आयुष्मान कार्ड, 80 करोड़ गरीब को मुफ्त राशन,कृषि सम्मान निधि आदि से जनता बहुत खुश है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्यासी समीर उराँव से उनकी सादगी से जनता बहुत प्रभावित है। क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के हमारे प्रत्यासी कृतसंकल्पित है। चुनाव प्रचार में बजरंग उराँव भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा लोहरदगा विधानसभा प्राभारी, कैलाश महतो पूर्व मंडल अध्यक्ष, विशेस्वर प्रसाद दीन, अन्तोष साहू (विकास)आदि मुख्य रूप से भ्रमण कर रहे थे।

# जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने इंटर कॉमर्स के टॉपरों को किया सम्मानित

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** राजधानी रांची के रातू रोड के लाहकोठी में स्थित जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने इंटर कॉमर्स के टॉपरों को शुक्रवार को सम्मानित किया. फर्स्ट स्टेट टॉपर प्रतिभा शाह 94.8, सेकंड स्टेट टॉपर दीया कुमारी 94.4 और फर्स्ट स्कूल टॉपर सौम्या दुबे 90.4 को एक समारोह आयोजित कर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जय सर और सूरज सर ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया. बता दें कि तीनों जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स की ही स्टूडेंट हैं। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जय और सूरज ने बताया कि पिछले 7 साल से लगातार स्टेट टॉप टेन में हमारे इंस्टीट्यूट के बच्चे आ रहे हैं. यह हमारे लिए गर्व की बात है. उन्होंने कहा कि बच्चे बेहतर करते हैं तो परिवार के साथ-साथ शिक्षकों को भी अच्छा लगता है और गर्व महसूस होता है. हमारा प्रयास रहता है कि हम बच्चों को बेसिक जानकारी देकर तैयार करें, ताकि परीक्षा के दौरान उन्हें सवालों में उलझना न पड़े।

**प्रशिक्षण** | बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बेसिक कंप्यूटर साक्षरता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** विश्वविद्यालय कर्मियों में कौशल विकास के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग द्वारा बेसिक कंप्यूटर साक्षरता एवं जागरूकता विषय पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को समापन सत्र में पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया और कहा कि भविष्य में और भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। आयोजन सचिव डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि बीएयू के प्रशासन निदेशालय, अनुसंधान निदेशालय, नियंत्रक कार्यालय एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के कुल 21 कर्मियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। एजीबी विभाग के शिक्षकों डॉ बसंत कुमार, डॉ नन्दनी कुमारी, डॉ थानेश उरांव, डॉ अबसार अहमद, डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर संचालन और उसपर विभिन्न प्रकार के कामकाज करने की तकनीकी जानकारी दी। अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक डॉ सुरभि सिन्हा ने बेसिक फंक्शनल इंग्लिश की जानकारी दी। इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ आलोक कुमार पांडेय तथा प्रशाखा पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### धधरिया प्रारूप स्थल पर 11 शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया



**लोहरदगा :** जिले के सेन्हा थाना परिसर में में स्थित धधरिया जलप्रपात प्रारूप स्थल पर तीन मई 2011 को नक्सली हमला मे झारखंड पुलिस व सीआरपीएफ के 11 जवान शहीद हो गये थे। उनकी याद में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर की अगवाई में वीर शहीद जवानों की याद में चित्र पर माल्यार्पण कर और दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सिसई में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित



स्वदेश संवाददाता

**गुमला :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सिसई के कॉलेज रोड स्थित सिलिया टोंगरी कुलंकेरी मोड़ के समीप मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में लोहरदगा और खूंटी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं व आम नागरिकों का महाजुटान होगा। मोदी भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के समर्थन में मतदाताओं से वोट मांगेंगे। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी दोपहर 12:00 बजे पलामू से हेलीकॉप्टर से सिसई के सभा स्थल पहुंचेंगे। यहां करीब दो घंटे सभा को संबोधित करने के बाद बिहार के दरभंगा के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इसके लिए मंच और पंडाल का निर्माण हो चुका है। सभा स्थल के ठीक बगल में तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर तीन पंडाल लगाए गए हैं, जिनमें एक मुख्य पंडाल और दो पंडाल उसके करीब लगे हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद देश के किसी प्रधानमंत्री का सिसई में पहली बार आगमन होगा। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकताओं और क्षेत्र की जनता में खासा उत्साह है।

स्वदेश TODAY digital
रांची, शनिवार
04.05.2024
वर्ष : 09, अंक : 122, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा ...
▶▶ 5



@swadeshtoday @swadesh_today swadesh_today swadesh today @swadesh_today 8092174888 9031730388

## NEWS IN Gallery

### भाकपा नेता अतुल कुमार अंजान का निधन



**नई दिल्ली:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेता एवं राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान का लम्बी बीमारी के बाद आज लखनऊ में निधन हो गया। उनकी आयु 70 वर्ष थी। उनकी बहन रतना सिंह के अनुसार वे कैंसर से पीड़ित थे और लखनऊ के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंजान ने अपने छात्र जीवन से राजनीति में कदम रख दिया था। उनके निधन पर विभिन्न पार्टियों और नेताओं के शोक संदेश प्राप्त हो रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विचारधारा का सच्चा सिपाही बताया है। कामगार लोगों के साथ उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए पार्टी महासचिव डी राजा ने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र किया है।

### हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली है। उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को हाई कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज दी है। इस रिट पिटिशन पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# झारखंड की सभी सीटों पर होगी इंडी गठबंधन की जीत : मुख्यमंत्री

**जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन**

स्वदेश संवाददाता



**जमशेदपुर:** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने दो सेटों में शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व मोहंती ने आवास पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे। समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची स्थित बोधि मैदान में आयोजित सभा में चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडी गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है।

# राहुल गांधी ने रायबरेली से भरा नामांकन

- **अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा ने किया नामांकन, सोनिया-प्रियंका गांधी भी रहीं मौजूद**

एजेंसी



**रायबरेली:** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर नामांकन फॉर्म दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के लिए रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी पहले कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। वहां से राहुल गांधी नामांकन दाखिल करने के लिए उनका काफिला निकला। राहुल के नामांकन में निवर्तमान सांसद सोनिया गांधी भी पहुंचीं। शुक्रवार की सुबह कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारों के नाम पर सस्पेंस को खत्म किया गया। इसके बाद कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन की तैयारियों को शुरू कराया गया। कांग्रेस की ओर से दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया। रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया। इससे रायबरेली और अमेठी सीट का समीकरण तय हो गया है। अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इसके बाद एक्शन रायबरेली में हुआ। राहुल गांधी ने जिला कार्यालय स्थित नामांकन कार्यालय में पहुंच कर नामांकन दाखिल किया। उनके साथ रायबरेली की निवर्तमान सांसद सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, बहनोई रॉबर्ट वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत समेत अन्य नेता जिला कार्यालय पहुंचे।

# सीजेआई चन्द्रचूड़ नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचे

एजेंसी



**काठमांडूः** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चन्द्रचूड़ तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आज काठमांडू पहुंचे। वह शनिवार को यहां होने वाले एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काठमांडू आए हैं। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश विश्वम्भर प्रसाद श्रेष्ठ के निमंत्रण पर सीजेआई के काठमांडू आने की जानकारी दी गई है। विमानस्थल पर नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश आनन्द मोहन भट्टराई ने सीजेआई चन्द्रचूड़ का स्वागत किया। इस दौरान नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। सीजेआई डीवाई चन्द्रचूड़ शनिवार को नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जुवेनाइल जस्टिस पर आयोजित सम्मेलन में बतौर प्रमुख अतिथि सहभागी होने वाले हैं। कल ही दोनों देशों के चीफ जस्टिस के बीच औपचारिक मुलाकात होने वाली है। कल शाम को चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ के सम्मान में नेपाल के प्रधान न्यायाधीश की तरफ से रात्रिभोज का आयोजन किया गया है।

**दलित नहीं था रोहित वेमुला, मां ने बनवाया था फर्जी जाति प्रामणपत्र**

# तेलंगाना पुलिस ने सभी आरोपियों को दी क्लीन




**हैदराबादः** तेलंगाना पुलिस ने शुक्रवार को रोहित वेमुला आत्महत्या मामले में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर कर दी है। रिपोर्ट में तत्कालीन सिकंदराबाद के सांसद बंडारू दत्तात्रेय, विधान परिषद के सदस्य एन रामचंदर राव, कुलपति अप्पा राव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेताओं और महिला एवं बाल विकास स्मृति ईरानी मंत्री सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित ने आत्महत्या की क्योंकि वह कई कारणों से तनावग्रस्त था। कैंपस में उसकी राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण शैक्षणिक मोर्चे पर उसका खराब प्रदर्शन भी एक कारण था। इसके अलावा, उसकी मां द्वारा उसके लिए फर्जी अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र की व्यवस्था करना भी तनाव का एक कारण था।

पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर मृतक की पढ़ाई देखी जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपनी पढ़ाई के बजाय कैंपस में छात्र राजनीतिक मुद्दों में अधिक शामिल था। उन्होंने अपनी पहली पीएचडी को 2 साल तक करने के बाद बंद कर दिया और वह दूसरी पीएचडी करने लगा, जिसमें भी गैर शैक्षणिक गतिविधियों के कारण ज्यादा प्रगति नहीं हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित इस तथ्य से अवगत था कि उसकी मां ने उसके लिए एससी प्रमाणपत्र की व्यवस्था की थी और उसे चिंता थी कि अगर उसके साथियों को इसके बारे में पता चला तो उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है।

झारखण्ड सरकार
## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
**उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श**

कृषि :–
क्या करें –
- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्‌टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्‌टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :–
क्या करें :–
- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना** :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना** :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुँजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्‌टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें** :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता** :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम **1965** के नियम **06** के उप–नियम **03** में कहा गया है कि जहाँ तापमान **37** डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर **12:00** बजे से **3:00** बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :–
- दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।

PR No.324396 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25

झारखण्ड सरकार
## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
**-:अति आवश्यक सूचना:-**

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
| --- | --- |
| ➢ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना।<br>➢ कलगी फूल जाना।<br>➢ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना।<br>➢ नाक से पानी आना।<br>➢ पतला दस्त होना।<br>➢ सांस लेने में तकलीफ होना।<br>➢ चलने में लड़खड़ाना | ➢ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए।<br>➢ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें।<br>➢ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें।<br>➢ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराएं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR No.324397 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25

## NEWS IN Gallery

### चतरा में सुरक्षाबलों ने एक दर्जन आईईडी किया बरामद



**चतरा :** जिले के कुशमाहा जंगल से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक दर्जन आईईडी बरामद किया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने बरामद आईईडी को मौके पर नष्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र स्थित कुशमाहा जंगल में सर्चिंग के दौरान सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने डेढ़-डेढ़ किलो के एक दर्जन आईईडी बरामद किया, जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी है।

### लोहरदगा के दो मजदूरों की उप्र में मौत



**लोहरदगा :** जिले के किस्को प्रखण्ड के बेठहठ व पतरातू के दो मजदूरों की उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक ईंट-भट्ठे में दबकर बुधवार को मौत हो गई. ग्रामीणों के अनुसार बेठहठ पंचायत के जामुन टोली निवासी 28 वर्षीय संतोष उरांव एवं बगडू पंचायत के पतरातू खलिहान टोली निवासी 27 वर्षीय छटू लोहरा की पत्नी पार्वती देवी की मौत ईट-भट्ठा में काम करने के दौरान दीवार में दबने से हो गई। वे छह माह पूर्व ईट-भट्ठा में काम करने गोरखपुर गए हुए थे।

### राधा गोविंद स्कूल में व्यायाम के दौरान पांचवी कक्षा के छात्र की मौत




**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के राधा गोविंद स्कूल में शुक्रवार की सुबह व्यायाम के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। सूचना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ पुलिस राधा गोविंद विद्यालय पहुंची है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र आर्यन कुमार पांचवी कक्षा में पढ़ता था। वह बच्चा विद्यालय के हॉस्टल में रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था। इस हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

**भीषण गर्मी में स्कूल बंद होने पर भी कैसे चल रहा था विद्यालय**

ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि भीषण गर्मी की वजह से उस छात्र की तबीयत बिगड़ी और अंततः उसकी जान चली गई। गर्मी की वजह से राज्य सरकार ने कक्षा आठ तक के सभी बच्चों की छुट्टी कर दी है। उसके बावजूद विद्यालय का संचालन कैसे किया जा रहा था। इस मामले पर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से भी जांच शुरू हो गई है। समाचार लिखे जाने तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, वाहन जांच में सख्ती

# गोविंदपुर चेकनाका पर वाहन जांच के दौरान पांच लाख रुपये जब्त

स्वदेश संवाददाता

**गोड्डा :** जिले के मेहरमा प्रखंड के गोविंदपुर चेकनाका पर वाहन जांच के दौरान दो युवकों से पांच लाख रुपये बरामद हुए हैं। इस बरामदगी के दौरान चेकनाका पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट मो नसीम सहित जांच में शामिल मेहरमा बीडीओ सह सीओ अभिनव कुमार, थाना प्रभारी नीतीन अश्वीन के द्वारा जांच कर दोनों युवकों से पांच लाख की रकम बरामद किया गया है।

बताया जाता है कि दीपक कुमार यादव और संतोष कुमार साह ऑटो रिक्शा में सवार हो कर पीरपैंती से बाराहाट आ रहे थे। इस दौरान सीमावर्ती चेकनाका गोविंदपुर पर वाहन जांच के दौरान पुलिस को ऑटो में रखे बैग से पांच लाख रुपये बरामद किया। दोनों युवक बिहार के पिरपैंती के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान युवकों ने बताया गि वह पीरपैंती से बाराहाट से पैसे लेकर जा रहे थे। युवकों ने बताया कि उनलोगों ने जमीन खरीदी है और इस पैसे का



इस्तेमाल जमीन की रकम देने के लिए होने वाला था। इसलिए वह पैसे लेकर देने जा रहे थे। इस संबंध में बीडीओ अभिनव कुमार ने बताया कि तकरीबन 5.30 बजे शाम में जांच पड़ताल किया जा रहा था। इस दौरान रकम की बरामदगी की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वार पैसे जब्त करने के बाद टीम ने सीजर लिस्ट तैयार कर युवकों को सीजर पेपर दे दिया है। लोकसभा चुनावों को लेकर पूरे देश में आचार संहिता लागू है। आचार संहिता द्वारा जारी निर्देश में 50 हजार रुपया से अधिक की रकम ले जाने पर पाबंदी है। सभी जिले के वरीय अधिकारियों ने चेकनाका पर कैश, शराब व शस्त्र आदि की जांच करने को लेकर कई जरूरी निर्देश दिये हैं।

# एसएसटी टीम ने पांच करोड़ की जेवर पकड़े, आईटी की टीम कर रही जांच

- रांची से हजारीबाग ले जाए जा रहे थे सात पेटियों में सोने और चांदी के जेवर

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस की एसएसटी टीम काफी सक्रियता से कम कर रही है। रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। इस मामले में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने तक जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसका प्रयोग चुनाव के दौरान होना था या नहीं। उसमें किसी



प्रकार की इनकम टैक्स की चोरी तो नहीं की गई है। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे। उन जेवरों को हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में डिलीवरी देने की बात बताई जा रही है। मांडू थाने के पास बनाए गए चेकनाके पर ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट दीपक कुमार और एएसआई निशिकांत शर्मा ने उस वाहन को जांच के दौरान पकड़ा। जब तलाशी ली तो सात पेटियों में भारी मात्रा में आभूषण मिले। इसकी जानकारी तत्कल वरीय अधिकारियों को दी गई। बाद में यह मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया। फिलहाल आयकर विभाग की अधिकारियों ने इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है।

## 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' अभियान सात मई को

**लोहरदगा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर सात मई को संध्या छह बजे से रात आठ के बीच सभी सोशल मीडिया पर 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' अभियान चलाया जाएगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां होंगी, जिसका फोटो-वीडियो ट्विटर, फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक होगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बडाइक ने बताया कि साथ मई को चलाये जाने वाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकता है। इसके लिए सेल्फी के साथ फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैण्डल्स पर अपलोड करें। साथ ही उसे लोहरदगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करें।

## सिमडेगा में नशे का कैप्सूल बेचने का आरोपित गिरफ्तार




**सिमडेगा :** पुलिस ने शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार में नशीले कैप्सूल कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित साप्ताहिक बाजार में कपड़े दुकान की आड़ में यह कारोबार करता था। पुलिस ने इसके पास से 38 पत्ता में 304 पेइवॉन स्पा प्लस और मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित मो. दानिश सिमडेगा थाना क्षेत्र के नूर मुहल्ला खैरनटोली का रहने वाला है। सूचना मिली थी कि साप्ताहिक बाजार टाड़ में कपड़ा दुकान खोलकर दानिश नाम का एक लड़का नशीले कैप्सूल की चोरी-छिपे बिक्री कर रहा है। पुलिस दल ने छापेमारी कर दानिश के पॉकेट से पेइवॉन स्पा प्लस लिखा हुआ आठ पत्ता में 64 कैप्सूल और आरोपित के कपड़ा दुकान पर कपड़ा रखे बोरे में एक गुलाबी रंग के प्लास्टिक में पेइवॉन स्पा प्लस लिखा हुआ 30 पत्ता में 240 कैप्सूल बरामद किया। इस संदर्भ में सिमडेगा थाना (कांड सं0-52/24) एनडीपीएस और आईपीसी की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

## लोस चुनाव बहिष्कार की पोस्टरबाजी में 15 लाख के इनामी माओवादी समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** लोकसभा चुनाव बहिष्कार को लेकर चार थाना क्षेत्रों में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की पोस्टरबाजी के मामले में 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम, सीताराम रजवार समेत कई अन्य के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि बुधवार की रात भाकपा माओवादियों ने पलामू जिले के हैदरनगर, हुसैनाबाद मोहम्मदगंज एवं पांडू थाना क्षेत्र में पोस्टर चिपकाए थे। पोस्टर में वोट बहिष्कार समेत कई बातें लिखी थीं। पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिए आगे की कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है।



एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को बताया कि माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नितेश यादव बिहार के गया का रहने वाला है जबकि संजय गोदाराम पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जब्त किए गए सभी पोस्टर एक ही हैंडराइटिंग में हैं।

**इन जगहों पर लगाए गए थे पोस्टर**

माओवादियों ने हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के बरेवा आंगनबाड़ी केंद्र और पैक्स गोदाम पर पोस्टर लगाया था। इसी तरह भदुवा, लोहरपुरा स्कूल भवन पर पोस्टर लगा मिला था। पांडू प्रखंड क्षेत्र में भी पोस्टरबाजी की गई थी। हुसैनाबाद के महुदंड, मोहम्मदगंज के माहुर आदि क्षेत्रों में भी पोस्टर मिला था। यह सारे इलाके 20 किलोमीटर एरिया में है। आधा दर्जन से अधिक जगह पर पोस्टरबाजी की गई थी।

## लातेहार से 81 लाख का अफीम और डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

**लातेहार :** पुलिस ने अफीम तस्कर गिरोह के एक तस्कर को 81 लाख रुपये के अफीम और डोडा के साथ गिरफ्तार किया है। बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी कर लगभग 81 लाख 15 हजार 300 रुपये का अफीम और डोडा बरामद किया गया। बरामद अफीम और डोडा 18 बोरे में 541 किलोग्राम जब्त किया गया है। मामले में आरोपित भगत गंझू गिरफ्तार किया गया है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि श्रीसमाध गांव के बेलवाटीकर टोला का रहने वाला भगत गंझू और बघमरी गांव का महेन्द्र गंझू आसपास के गांव से कम दाम पर अफीम डोडा खरीदकर शिबला के रहने वाले अफीम तस्कर गोल्डेन को बेचने



का अवैध धंधा करते हैं। गोनिया चोरबोरा के निवासी गणेश गंझू को गोल्डेन पिकअप गाड़ी के साथ भगत गंझू और महेन्द्र गझू के बताए जगह पर भेजता है। उसके घर से भारी मात्रा में अवैध डोडा रखा है। सूचना के बाद बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने भगत गंझू के घर से भारी मात्रा में अफीम, डोडा बरामद किया। इस संबंध में आरोपित भगत गंझू, महेन्द्र गंझू, गोल्डेन और गणेश गंझू के खिलाफ बारियातु थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## माओवादी का मिला बंकर, नक्सलियों को पनाह देने वाली महिला गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित पोस्टर लगाये जाने के बाद पुलिस की ओर से की गयी कार्रवाई में शुक्रवार को माओवादियों का बंकर बरामद किया गया। मौके से विस्फोटक समेत कई सामान बरामद किए गए। इस सिलसिले में माओवादी नक्सलियों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा हरही के इलाके में की गयी है। बुधवार की रात जिले के हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू और मोहम्मदगंज में नक्सलियों के द्वारा लोस चुनाव का विरोध करते हुए पोस्टरबाजी की गयी थी। मामले में



पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी। सर्च अभियान के दौरान घाघरा इलाके में पुलिस को एक बंकर मिला। बंकर से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री समेत कई सामान बरामद किए गए। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी नीतीश यादव की हुसैनाबाद इलाके में गतिविधि है। सूचना के आलोक में कार्रवाई करने पर सफलता मिली। घाघरा के हरही में अखिलेश यादव के घर के पास बंकर मिला। मौके से अखिलेश यादव की पत्नी अंजू देवी (40 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अखिलेश यादव की पत्नी पर माओवादी जोनल कमांडर नीतीश यादव का संरक्षण देने का आरोप है।

जी.एस. महाविद्यालय पितिज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

## शिक्षा से बड़ा दूसरा कोई हथियार नहीं : रामदेव यादव

स्वदेश संवाददाता

**इटखोरी :** जी.एस. महाविद्यालय पितिज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आयोजन के मुख्य अतिथि प्रखंड के प्रमुख प्रिया कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि पंचायत के मुखिया रामदेव यादव उपस्थित थे। इस मौके पर निदेशक सूर्यदेव कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12वीं आर्ट्स ,साइंस ,कॉमर्स में महाविद्यालय के 100 फीसदी बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सफल हुए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में पंचायत के मुखिया रामदेव यादव ने स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन किया और बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया शिक्षा से बड़ा दूसरा कोई हथियार नहीं है। वही इटखोरी प्रखंड के प्रमुख प्रिया देवी ने बताया कि बच्चों को लगन



के साथ पढ़ना चाहिए और देशगढ़ने में सहयोग करना चाहिए उन्होंने नारी शिक्षा पर जोड़ देते हुए बताया कि जब बेटी शिक्षा प्राप्त करती है तो दो परिवारों को संभालती है और स्वयं सब कुछ कर सकती है और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भारत के सर्वोच्च शिखर पर आज भी महिलाएं आसीन है । कार्यक्रम में बिकास यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायत में स्मार्ट बोर्ड का लगा नई तकनीक को बढ़ावा देना है और इसकी पहल महाविद्यालय ने की है ,आने वाले समय में यहां के विद्यार्थी जिला व राज्य टॉप करते रहेंगे। चतरा से आए राज्य स्तरीय राइफल शूटर प्रफुल्ल कुमार पांडे ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल के महत्व को भी आज के दौर में बच्चों को समझना होगा खेल न सिर्फ केवल शारीरिक विकास में बढ़ावा देता है बल्कि करियर नई ऊंचाई उड़ान भरने में मदद करती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया जिनमें प्रमुख नाम सोनी कुमारी ,अंजली कुमारी ,करिश्मा कुमारी, उषा कुमारी ,प्रियंका कुमारी, बबीता कुमारी, सुधा कुमारी, अंजू कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी, मौसम कुमारी ,करिश्मा कुमारी ,रूपा कुमारी ,नाजरीन निखत, जितेंद्र कुमार पासवान, दीपक कुमार पासवान ,सुमित कुमार, उपेंद्र कुमार ,ओम प्रकाश कुमार गुप्ता आदि बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिसमें विकास कुमार ,रवि कुमार ,मनोज कुमार ,खुशबू कुमारी, सोनी कुमारी ,सपना कुमारी ,श्रुति कुमारी को सम्मानित किया गया।

**प्रशिक्षण** | खूंटी और लोयला इंटर कॉलेज परिसर में अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा शुक्रवार को 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी औरं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीठासीन पदाधिकारियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शुक्रेवार से सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग का शुभारंभ हुआ। पोस्टल वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले



पीठासीन पदाधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षण केंद्र में स्थापित सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन एवं दायित्वों से पीठासीन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों को संधारित करने की विधि से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी की जरूरत होती है। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के डम्मी प्रपत्र का प्रयोग कर संधारित करने के तरीके की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पीठासीन पदाधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पोस्टल वोटिंग आरंभ होने से पूर्व प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आइटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप, कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी श्याम नारायण राम , प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी परवेज सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग कें लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया गया। इससे पूर्व चुनाव कार्य संपादन से संबंधित 50 प्रश्नों के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारियों की कार्य कुशलता की जांच के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

## भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न

स्वदेश संवाददाता

**इटखोरी :** लोकसभा चुनाव के निमित इटखोरी मंडल के धनखेरी शक्ति केन्द्र का बैठक मंडल अध्यक्ष श्री देव कुमार सिंह जी, एवं लोकसभा मंडल प्रभारी शालिग्राम सिंह जी के नेतृत्व मे की गई एवं बैठक की अध्यक्षता सह संयोजक रणजीत सिंह ने की और मंच का संचालन शक्ति केंद्र संयोजक राजेश साव ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह जी, लोकसभा मंडल प्रभारी शालिग्राम सिंहजी, मंडल महामंत्री शिवकुमार राणा जी, प्रीतम राय जी पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह जी , पेमन नायक जी, शक्ति केंद्र प्रभारी सुधीर रॉय जी,मंडल उपाध्यक्ष संतोष दांगी मंडल मंत्री काजल देवी जी, भाजयुमो मंडल



महामंत्री आशीष मिश्रा जी, रणधीर सिंह जी, महेंद्र साहू जी , जागेश्वर साहू सुमन कुमार सिंह जी , प्रयाग साव, रामप्रसाद राणा, सुरेंद्र साव, अशोक कुमार प्रजापति, रामदेव साव,मोहम्मद इम्तियाज रघुनायक नायक , सुमित भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री प्रीतम रॉय ने किया। बैठक में आगमी आम चुनाव प्रत्येक बूथ पर भाजपा को पूर्ण रूप से जीता कर चतरा लोकसभा में इस बार पांच लाख पार के आंकड़ा को प्राप्त करना ही हमारा लक्ष्य होगा एवं मोदी जी के 400 पार के सपने को साकार करना होगा।

## NEWS IN Gallery

### राहुल गांधी सात मई को झारखंड में

**रांची :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात मई को झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। राहुल गुमला जिला के बसिया में जनसभा करेंगे। सात चरणों में होने वाले आम चुनाव के पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी।
कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि पहले राहुल गांधी का कार्यक्रम छह मई को तय हुआ था लेकिन इसे एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इस जनसभा में लोहरदगा और खूंटी क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। पार्टी इसकी तैयारी में जुट गई है।

### हेमंत सोरेन पर बेबुनियाद आरोप लगा भेजा गया जेलः झामुमो



**रांची :** रांची लोकसभा के लिए इंडी गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के समर्थन में रांची महानगर की बैठक झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल भेजे जाने का विरोध वोट में दिखेगा। हम सभी इंडी गठबंधन के साथियों को एकसाथ केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा हमे देश की तानाशाह सरकार को हटाना है। झारखंड मे भी आपने देखा की किस तरह से हेमन्त सोरेन को झूठे आरोप मे जेल भेजा गया जिसका हमे अपने वोट से करारा जवाब देना है और देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनाना है।

### झामुमो ने ओडिशा विस चुनाव के लिए घोषित किए पांच उम्मीदवारों के नाम

**रांची :** झामुमो ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर ओडिशा राज्य के मयुरभंज लोकसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी हैं।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की

# केवल डेटा नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें : रवि कुमार

**स्वदेश संवाददाता**




**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें। रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें। रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो। रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों मं प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें।

## हाई कोर्ट में जेपीएससी संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के पीटी रिजल्ट को चुनौती



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत राज्य पुलिस सेवा, कारा सेवा, नियोजन सेवा में नियुक्ति को लेकर पीटी के रिजल्ट को चुनौती देने वाली आलोक रंजन की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता अविनाश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत 10 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 27/2017 निकली थी। इसके लिए वर्ष 2024 में पीटी परीक्षा ली गई थी। इसके बाद जीपीएससी ने आंसर की एवं संशोधन संशोधित आंसर की निकला था लेकिन दोनों में ही त्रुटि थी। इस कारण जीपीएससी की पीटी रिजल्ट भी त्रुटि पूर्ण है। इसलिए रिजल्ट को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई जाए। याचिकाकर्ता का कहना था कि एक प्रश्न के कारण उसका चयन नहीं हो सका।

## झामुमो ने ओडिशा विस चुनाव के लिए घोषित किए पांच उम्मीदवारों के नाम

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** झामुमो ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर ओडिशा राज्य के मयुरभंज लोकसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी हैं।

## पार्टी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव हर कार्यकर्ता लड़ता है : गुलाम अहमद



**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के गुमला,सिमडेगा और खूंटी जिले के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हुई। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले,वार्ड,प्रखंड में लड़ता है, ताकि पार्टी की जीत हो सके। दस वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं। अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन के जरिये बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी और बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।

## पांचवें चरण के नामांकन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची :** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को राज्य में कुल 41 नॉमिनेशन हुए जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित हुए बताया कि झारखंड में पांचवें चरण के नॉमिनेशन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। रवि कुमार ने बताया कि अब तक पांचवें चरण में कुल 172 नामांकन फॉर्म जमा हुए, जिसमें 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चतरा से 31, हजारीबाग से 19 और कोडरमा से 18 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांचवें चरण के स्क्रूटनी की तिथि चार मई है और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। छह मई के बाद ही पांचवें चरण में कितने प्रत्याशी हैं, वो साफ हो पाएगा। छठे चरण के लिए शुक्रवार को झारखंड से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। गिरिडीह से तीन, धनबाद से चार, रांची से चार और जमशेदपुर से चार प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किए। अब तक छठे चरण में गिरिडीह में आठ, धनबाद में 12, रांची में 10 व जमशेदपुर में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन के अंतिम दिन छह प्रत्याशियों ने फॉर्म भरा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर अर्जुन मुंडा को जन्मदिन की दी बधाई

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची :** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का जन्मदिन तीन मई को है। दोनों झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं। अर्जुन मुंडा 56वां जबकि रघुवर दास 69वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर अर्जुन मुंडा को जन्मदिन की बधाई दी है। मोदी ने ट्वीट किया है कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को उनके जन्मदिन पर मेरी शुभकामनाएं। वह आदिवासी समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए असाधारण प्रयास कर रहे हैं। वह लोगों की सेवा के लिए लंबा और स्वस्थ जीवन जिएं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर में उनके समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच फलों और बच्चों के बीच कॉपी-पेंसिल व किताबों का वितरण किया।

## भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल अनजान के निधन पर पार्टी ने झुकाया झंडा

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची :** भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अनजान के निधन पर तीन दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया है। राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि अनजान भाकपा के बौद्धिक संपदा थे। वह प्रखर वक्ता और कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज थे। राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि वह निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे। संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता डॉक्टर एपी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षो तक जेल में रहे। 20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक भाकपा के मेंबर बने। एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव थे। कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगमग पांच वर्ष तक जेल में रहे। अनजान का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 60 साल के अनजान कैंसर से पीड़ित थे और पिछले एक महीने से लखनऊ के गोमतीनगर स्थित मेयो अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहे थे।

## वामदलों ने श्रमिक नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की




**स्वदेशसंवाददाता**

रांची : भाकपा और माकपा ने रांची पुलिस के जरिये सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर युनियन के नेता भवन सिंह और एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति के दिलीप सिंह को हिरासत में लेकर धुर्वा थाने में बैठाए रखने की कड़ी निंदा की है। साथ ही दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और भाकपा के राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय सिंह ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एहतियात के तौर पर पर की गई है लेकिन एचईसी के मजदूरों के जरिये प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान किसी प्रकार के विरोध कार्रवाई का कोई आह्वान भी नहीं किया गया था। नेताओं ने कहा कि एचईसी के अनुशासित मजदूर इस बात से अवगत हैं कि आम निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है और पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में एचईसी के मजदूर चुनाव की प्रक्रिया में कोई बाधा खड़ा करना नहीं चाहते हैं लेकिन एचईसी के मुद्दे पर अलग-थलग पड़ी भाजपा घबराई हुई है और उसने ही रांची पुलिस पर दबाव बनाकर श्रमिक नेताओं को गिरफ्तार कराया है।

## झारखंड हाई कोर्ट से महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता को राहत



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के महाधिवक्ता एवं अपर महाधिवक्ता पर आपराधिक अवमानना मामला चलाने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार को मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने 01 सितंबर, 2021 को एक मामले में सुनवाई के दौरान स्वतः संज्ञान लेते हुए इन दोनों पर अवमानना का मामला चलाने का निर्देश दिया था। साथ ही अदालत ने हाई कोर्ट रूल के अनुसार अवमानना का मामला चलाने के लिए मामले को वर्ष 2021 में खंडपीठ में भेज दिया था। साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत में महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता के खिलाफ अवमानना चलाने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की थी।

**अक्षय तृतीया** | दस मई को सनातन और जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार

# नए उद्योग और व्यवसाय के लिए है शुभ

**स्वदेश संवाददाता**




रांची : इस वर्ष अक्षय तृतीया दस मई को है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ है। कुछ नया शुरू करने के लिए यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, वाहन, घर-जमीन और घर के सामान आदि की खरीदारी परिवार में समृद्धि और सौभाग्य लाता है। पंडित मनोज पांडेय का कहना है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है, जो अगले दिन सुबह 4:37 बजे तक रहेगा। मकान, वाहन, जमीन और स्वर्ण सामग्री की खरीदारी के लिए यह बहुत ही उत्तम दिन है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य किया जा सकता है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है। अक्षय तृतीया सनातन और जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, जो धर्मग्रंथों के अनुसार एक शुभ दिन है। इस दिन सभी मांगलिक कार्य किए जाते हैं। यह सौभाग्य, सुख और समृद्धि का त्योहार माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। यह दिन पूर्वजों को सम्मान देने और उनका आशीर्वाद लेने का भी दिन है।

## स्कूल में रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान

**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के रक्षा के लिए पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों से पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए । साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करेंगे। मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार,शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी सहित स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चाईबासा की जनता ने प्रधानमंत्री को नकार दिया है : राजेश ठाकुर

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची :** प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि चाईबासा की जनता ने प्रधानमंत्री को नकारने का काम किया। रैली की भीड़ यह साबित कर दिया कि अब झारखंड की जनता प्रधानमंत्री का झूठ नहीं सुनना चाहती है। ठाकुर ने कहा कि फिर से 2014 और 2019 वाला झूठ प्रधानमंत्री ने आज चाईबासा में बोला। आदिवासियों के प्रति झूठा प्रेम जताया लेकिन मणिपुर के आदिवासी भाइयों एवं बहनों की चीत्कार पर प्रधानमंत्री क्यूं खामोश रहे, यह नहीं बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आरक्षण पर दिये गये बयानों पर कहा कि प्रधानमंत्री यदि आरक्षण पर इतना गंभीर हैं तो यह बतायें क्या आप दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए आरक्षण के 50 प्रतिशत सीमा को हटाएंगे, हमने ऐसा करने की गारंटी दे दी है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासी भाईयों एवं बहनों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने की सलाह तो दी लेकिन उनकी अस्मिता से जुड़े सरना धर्म कोड की बात प्रधानमंत्री ने नहीं की। क्योंकि, उन्हें झूठ बोलकर नकली प्रेम प्रदर्शित करना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारियों एवं बलात्कारियों के साथ मंच साझा करते हैं और यह कहते हैं कि इनको जीताने से हम मजबूत होंगे। इससे यह समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री का अपार समर्थन दुराचारियों और भ्रष्टाचारियों के साथ है और बहुत ही साफगोई से विपक्ष के ऊपर आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि यही है मोदी की गारंटी।

# संपादकीय

# मतदान के अंतिम आंकड़े समय पर जारी करे ईसी

इस आम चुनाव के पहले और दूसरे चरण में कम मतदान के आंकड़े आए, तो निर्वाचन आयोग पर सवाल उठने शुरू हो गए थे कि उसका मतदाता जागरूकता अभियान कारगर साबित क्यों नहीं हो पा रहा। अब उसने अंतिम आंकड़े जारी किए हैं, जो पिछले आंकड़ों से पांच से छह फीसद तक अधिक हैं। यानी दोनों चरण में छियासठ फीसद से अधिक मतदान हुए। यह एक संतोषजनक आंकड़ा कहा जा सकता है।

मगर विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। ये आंकड़े पहले चरण के ग्यारह दिन और दूसरे चरण के चार दिन बाद आए हैं। अभी तक मतदान के चौबीस घंटों में अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे। फिर, विपक्षी दलों ने यह भी पूछा है कि आयोग ने मतदाताओं की संख्या क्यों नहीं बताई है।

इस तरह चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की शंका भी जाहिर की जाने लगी है। पहले ही विपक्षी दल और कई सामाजिक संगठन मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते रहे हैं। निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रक्रिया और परंपराओं का उचित निर्वाह न करने से उनका संदेह स्वाभाविक रूप से और गहरा होगा। यह समझना मुश्किल है कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया।

मशीनों के जरिए मतदान कराने के पीछे मकसद यही था कि इससे मतगणना में आसानी होगी, मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई में हर मतदान केंद्र पर पड़े मतों की संख्या दर्ज होती है। इस तरह




हर घंटे मतदान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। हालांकि अंतिम आंकड़ा मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या से मिलान करने के बाद ही तय होते हैं।

इसलिए मान कर चला जाता है कि मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई से मिले आंकड़ों में कुछ फीसद की बढ़ोतरी हो सकती है। मगर मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या की गणना करने में भी इतना वक्त नहीं लगता। जब इससे पहले मतदान समाप्त होने के अगले दिन अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे, तो इस बार ऐसी क्या अड़चन आ गई कि ग्यारह दिन लग गए। फिर मतदाताओं की संख्या वेबसाइट पर बताने में क्या दिक्कत है। वह तो मतदाता सूची में दर्ज ही होती है। आज के डिजिटल युग में ऐसी सूचनाएं जारी करने में ज्यादा समय नहीं लगता।

निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बनाए रखे। अगर किसी विषय या बिंदु पर आम लोगों या राजनीतिक दलों को किसी प्रकार का संदेह या प्रश्न है, तो उसका निराकरण भी करे। पहले ही आम मतदाता के मन में यह धारणा बैठी हुई है कि मशीनों में गड़बड़ी करके मतों को इधर से उधर किया जा सकता है।

फिर राजनेताओं के आपत्तिजनक बयानों और आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप भी निर्वाचन आयोग पर लगते रहे हैं। ऐसे में उससे अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की अपेक्षा की जाती है। चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए आयोग ने बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि वह नियम-कायदों की किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। मगर उसके इस दावे पर भरोसा इस बात से बनेगा कि वह खुद नियम-कायदों की कितनी परवाह करता है।

## सोशल मीडिया से...



भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यहां कांग्रेस मर रही है तो वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के आका दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पाकिस्तान और कांग्रेस की यह पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

एक तरफ मोदी जी हैं जो सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का काम कर रहे हैं, दूसरी ओर राजद और कांग्रेस है जो लूट, कुशासन और खुद के परिवार के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। इस चुनाव में आपको तय करना है कि आप किसको सत्ता देना चाहते हैं।

**जेपी नड्डा,** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष





तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते हैं कि चिराग पासवान ने संपन्न दलितों का आरक्षण समाप्त करने की बात की है। मेरा यह बयान ऑन रिकॉर्ड मुझे दिखा दें और नहीं दिखा सकते हैं तो झूठ बोलना बंद कर दें, नहीं तो मुझे कोई न कोई कार्रवाई करनी पड़ेगी। यह गलत है। वह चिराग पासवान को लेकर भ्रम फैलाना चाहते हैं।

**चिराग पासवान,** लोजपा (रामबिलास)

मोदी जी खुद को बड़ा ईमानदार बताते हैं, लेकिन इस देश में भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लेकर आए। यह स्कीम थी, जो चंदा देगा, उसका नाम गुप्त रहेगा। इसके तहत अपने बड़े-बड़े मित्रों से चंदा लिया। पहले उनके ऊपर छापा मारा, फिर चंदा लेकर जांच बंद कर दी।

**प्रियंका गांधी वाड्रा,** कांग्रेस महासचिव



## आज का कार्टून




# भाजपा के जी का जंजाल बन गया आरक्षण विवाद

राहुल गांधी ने इस लोकसभा चुनाव में आरक्षण के मुद्दे को भय में बदल दिया है। लगातार दो चुनाव हारने के बाद कांग्रेस को यह समझ में आ गया कि निम्न वर्ग, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम आते थे, धीरे धीरे कांग्रेस से छिटक गए हैं। 1990 से 1996 तक ये सभी वर्ग जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियों के साथ जुड़ गए थे। 1996 के बाद एससी, एसटी भाजपा के साथ जुड़ना शुरू हुआ, लेकिन ओबीसी और मुस्लिम गैर भाजपा गैर कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ जुड़ा रहा। इस दौर में उत्तर प्रदेश और बिहार में एमवाई फार्मूले के तहत जाति आधारित पार्टियों का दबदबा बना रहा। 2014 में एससी एसटी के बाद ओबीसी भी भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ना शुरू हो गया, जो 2019 में लगभग भाजपा का कोर वोटर बन गया था। कांग्रेस को यह समझ में आ गया था कि जब तक ये वर्ग उसके साथ नहीं जुड़ते, तब तक वह भाजपा का चक्रव्यूह नहीं तोड़ सकती।

**अजय सेतिया**

सैद्धांतिक और व्यवहारिक राजनीति में बड़ा फर्क होता है, जो अब संघ परिवार को समझ आ गया होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत एक नहीं अनेक बार कह चुके हैं कि संघ असमानता दूर हो जाने तक संविधान प्रदत आरक्षण को जारी रहने के पक्ष में है। लेकिन खुद उन्होंने 2015 में एक बार आरक्षण की गैर राजनीतिक समीक्षा की बात कही थी।

संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी आरक्षण पर पुनर्विचार करने या खत्म करने की पहले कई बार वकालत की है, जिसका अब जवाब देना संघ के लिए मुश्किल हो जाता है।

संघ के किसी पदाधिकारी का कोई ऐसा बयान जो भाजपा की नीति के खिलाफ हो, उसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ता है, क्योंकि समाज में ऐसी धारणा बन चुकी है, या बना दी गई है कि भाजपा को वही करना होता है, जो संघ कहता है।

भारतीय जनता पार्टी के इक्का दुक्का नेताओं को छोड़ दें, तो भाजपा आरक्षण विवाद से बची रहती है। हालांकि उसकी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय का 2013 का एक ट्विट सोशल मीडिया पर चल रहा है, जिसमें उन्होंने आरक्षण खत्म करने की बात लिखी थी। हालांकि उनका यह ट्विट उस समय का है, जब वह भाजपा आईटी सेल के प्रमुख नहीं थे। मोटे तौर पर भाजपा एक पार्टी के तौर पर एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण जारी रखते हुए आर्थिक आधार पर आरक्षण की भी हिमायती रही है। मोदी सरकार सरकार ने आर्थिक आधार पर दस प्रतिशत आरक्षण लागू भी किया है, जिसे सुप्रीमकोर्ट ने भी 50 प्रतिशत की सीमा से ऊपर हरी झंडी दे दी है, जिसकी कांग्रेस के उदित राज ने सार्वजनिक तौर पर आलोचना की है।

भाजपा के भीतर बौद्धिक स्तर पर यह बात जरुर उठती रही है कि सिर्फ आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो, फिर वह किसी भी जाति धर्म से क्यों न हो, उसे शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले। लेकिन यह विचार कभी भी भाजपा का दृष्टिकोण इसलिए नहीं बन सका क्योंकि जाति आधारित राजनीति में जाति आधारित आरक्षण पर सवाल उठाना राजनीतिक आत्महत्या करना होगा।

दूसरा, अगर भाजपा के कुछ प्रबुद्ध लोगों की इस राय पर विचार किया जाए, तो यह राय शुद्ध रूप से सेक्यूलर राय है, क्योंकि अगर सिर्फ आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाता है, तो वह जाति धर्म की सीमाओं से हट कर सभी पर लागू होगा। जिसका सर्वाधिक फायदा तो मुसलमानों को होगा, क्योंकि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कहती है कि वे ही सब से ज्यादा गरीब हैं। फिर एससी, एसटी और ओबीसी की क्रीमी लेयर जरुर आरक्षण से वंचित हो जाएगी। एससी, एसटी, ओबीसी के जिन लोगों को वास्तव में आरक्षण की जरूरत है, वे तो पात्र बने ही रहेंगे।

लेकिन यह सिद्धांत जाति आधारित राजनीति में व्यवहारिक नहीं है। इसलिए इस सिद्धांत को उचित मानते हुए भी कोई राजनीतिक दल मानने को राजी नहीं होगा। जाति आधारित आरक्षण वोट हासिल करने का एक राजनीतिक हथियार बन चुका है। जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्र में सत्ता में आई है, तब से संघ के



पदाधिकारियों के बयानों का हवाला देकर भाजपा की नियत पर सवाल उठाया जाता रहा है।

राहुल गांधी ने इस लोकसभा चुनाव में आरक्षण के मुद्दे को भय में बदल दिया है। लगातार दो चुनाव हारने के बाद कांग्रेस को यह समझ में आ गया कि निम्न वर्ग, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम आते थे, धीरे धीरे कांग्रेस से छिटक गए हैं। 1990 से 1996 तक ये सभी वर्ग जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियों के साथ जुड़ गए थे।

1996 के बाद एससी, एसटी भाजपा के साथ जुड़ना शुरू हुआ, लेकिन ओबीसी और मुस्लिम गैर भाजपा गैर कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ जुड़ा रहा। इस दौर में उत्तर प्रदेश और बिहार में एमवाई फार्मूले के तहत जाति आधारित पार्टियों का दबदबा बना रहा। 2014 में एससी एसटी के बाद ओबीसी भी भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ना शुरू हो गया, जो 2019 में लगभग भाजपा का कोर वोटर बन गया था।

कांग्रेस को यह समझ में आ गया था कि जब तक ये वर्ग उसके साथ नहीं जुड़ते, तब तक वह भाजपा का चक्रव्यूह नहीं तोड़ सकती। इसलिए राहुल गांधी ने सबसे पहले कांग्रेस की पुरानी नीति से हटते हुए जाति आधारित जनगणना की मांग उठाई और वादा किया कि जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो जाति आधारित जनगणना करवा कर एससी, एसटी और ओबीसी को उनकी संख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा।

कांग्रेस की यह बदली हुई नीति इन तीनों वर्गों को प्रभावित करती है। दूसरा काम कांग्रेस ने यह किया कि कर्नाटक और तेलंगाना में मुसलमानों की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लिया। तो जो कांग्रेस का मूल वोट बैंक था, एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम, इन चारों वर्गों को कांग्रेस ने अपनी और आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

अब इसके बाद जरूरी था आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना, तो बहुत ही गोपनीय तरीके से एससी, एसटी और ओबीसी में यह अफवाह उड़ाई गई कि मोदी जो यह कह रहे हैं कि 400 सीटें हासिल करने के बाद वह बहुत बड़ा काम करेंगे, अभी तो ट्रेलर दिखाया है, पिक्चर अभी बाकी है, उनके इस वाक्य का मतलब यह है कि 400 सीटें हासिल करने के बाद वह संविधान बदल देंगे और जाति आधारित आरक्षण खत्म कर देंगे। अपनी बात को सही साबित करने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करते हुए अमित शाह की ऐसी एडिटेड वीडियो बनाई, जिसमें उन्हें यह कहते हुए दिखाया गया है कि भाजपा सत्ता में आते ही एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरे चरण का मतदान हो जाने के बाद समझ में आया कि अंडर करंट क्या चल रहा है और क्यों चल रहा है, राजस्थान से यह खबर क्यों आ रही है कि आरक्षण वाली जातियों ने उसके खिलाफ वोट किया है और उसकी चार से लेकर आठ सीटें खतरे में आ गई हैं। इसलिए मोदी और अमित शाह हमलावर और रक्षात्मक मुद्रा में आ कर सफाई दे रहे हैं। मोदी को यह कहना पड़ा कि वह तो क्या डॉक्टर आम्बेडकर भी संविधान नहीं बदल सकते।

उन्हें सफाई देनी पड़ रही है कि वे एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण बनाए रखेंगे, अलबत्ता कांग्रेस ने जिन मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करके ओबीसी का हक मारा है, वह उसे वापस दिलाएंगे। भाजपा मुस्लिम आरक्षण को मुद्दा बना कर एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों में पैदा हुए भ्रम को दूर करने की कोशिश में जुट गई, लेकिन वह कितना कामयाब होगी यह चुनाव नतीजे ही बताएंगे। यह सच है कि कांग्रेस बहुत ही सलीके से और चुपके से आरक्षण के मुद्दे पर काम कर रही थी। जाति आधारित जिस मुद्दे को मोदी और शाह हल्के में लेते रहे थे, वही आरक्षण का मुद्दा चुनाव के मध्य में भाजपा के जी का जंजाल बन गया है।

# विरह की भावना को प्रेम में बदलना ही सकारात्मकता है

जो बिछड़ गया है, वह हमारी यादों में सकारात्मक रूप से रहे, यही उसके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वयं दुखी होकर या नकारात्मक होकर हम दूसरों के और अपने साथ अन्याय कर रहे होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सकारात्मक रहें। कुछ नुकसान की भरपाई कुछ ठोस काम करके या इसके अलावा सेवा, प्रार्थना, सपने पूरे करके की जा सकती है। विरह की नकारात्मकता को प्रेम में बदलना ही खाली जगह को भरना है और यह भी सत्य है कि केवल हममें से कोई खास ही इसके पीड़ित नहीं हैं, संसार में और भी लोग हैं जो इस स्थिति से गुजर रहे हैं, उसका सामना कर रहे हैं।

**लोकेंद्रसिंह कोट**

अपने किसी प्रियजन को खोने या उनके बिछड़ने के बाद एक ऐसा खालीपन उभर कर सामने आता है, जिसे भरना नामुमकिन-सा रहता है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि उन दो व्यक्तियों में आपसी लगाव किस हद तक रहा और दोनों एक दूसरे के प्रति कितने संवेदनशील रहे या हैं। कई बार यह आपसी लगाव इतना गहरा होता जाता है कि कभी कल्पना में भी बिछड़ने की वे सोच नहीं सकते। किसी ऐसे ही पल में ये पंक्तियां फूटी होंगी कि 'मैं घर में एक कमरा रखूंगाज्दूंगा नाम तेरा और उसे तन्हा रखूंगा!'

जीवन और मृत्यु का खेल सभी को पता होता है। सभी को किसी न किसी से बिछड़ना है, यह भी पता होता है। मगर फिर भी मन के किसी कोने से इसका भान ही नहीं होता। कुछ समय पहले एक खबर आई कि लंदन में एक महिला है, जो हर दिन सबवे (मेट्रो) स्टेशन में जाकर बैठती है, केवल 1950 में अपने पति द्वारा रिकार्ड की गई घोषणा को सुनने के लिए। 2003 में मार्गरेट के दिल में एक खाली स्थान छोड़कर ओसवाल्ड की मृत्यु हो गई।इसलिए मार्गरेट ने पति की उपस्थिति के अहसास को करीब से महसूस करने का एक तरीका खोजा। और वे उनकी रिकार्ड की हुई सूचना सुनने मेट्रो स्टेशन आने लगीं। आधी सदी से भी अधिक



समय के बाद इस आवाज की जगह एक इलेक्ट्रानिक रिकार्डिंग ने ले ली। मार्गरेट ने लंदन ट्रांसपोर्ट कंपनी से यह कैसेट टेप मांगा, ताकि वह घर पर अपने पति की आवाज सुन सके।

इस मसले के इतिहास के बारे में जानकारी होने के बाद कंपनी ने उत्तरी लाइन के तटबंध ठहराव पर मार्गरेट के घर के पास वाले स्टेशन पर घोषणा को बहाल करने का फैसला किया, जहां सभी यात्री आज ओसवाल्ड लारेंस की आवाज सुन सकते हैं और यह सोचने के लिए कि शाश्वत प्रेम वास्तव में मौजूद है।

खालीपन, अकेलेपन से नितांत अलग है। खालीपन मन के किसी कोने का अहसास है जो सिर्फ वही व्यक्ति भर सकता है जो अब नहीं रहा। जाहिर है, अगर वह व्यक्ति किसी रूप में हमेशा के लिए बिछड़ गया है तो उसकी यादें, तस्वीरें, आवाज, बातें सब सहारा होती हैं उस खालीपन को भरने का। समय की गूंज इतनी तेज होती है कि उस खालीपन के अव्यक्त मौन को भी चीर देती है। जब जेहन में किसी व्यक्ति की यादें भरी होती है तो हर कहीं वही दिखाई देता है। हर परिस्थिति में लगता है उसका साथ होता तो वह अभी क्या-क्या कर रहा होता। खालीपन उस श्मशान वैराग्य को भी छीन लेता है जो अक्सर कहता है कि कुछ नहीं रखा इस दुनिया में। ऐसे अनचाहे दुख से निपटने के लिए हमें कमर कस कर आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह खत्म भी तभी होगा, जब हम चाहेंगे। यह इसलिए भी जरूरी है कि जीवन जब तक नदी की तरह बह रहा है, तब तक जीवन है। जिस दिन ठहर गया, उस दिन वह दुनिया से बिछड़ गया। इसलिए हम स्मृतियों के समांतर जीने के विकल्प की खोज कर सकते हैं। बाहर दूसरे लोगों की निस्वार्थ सेवा एक ऐसा मार्ग है, जहां हमें सुकून मिल सकता है।

अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, महिला सुधार गृह, बाल सुधार गृह, जेल, अस्पताल, गरीब बस्ती आदि ऐसी जगहें हैं, जहां अपने दुख कम ही लगेंगे। यों भी सेवा करने से बहुत सारे आंतरिक सीमाएं टूटती हैं। जब हमारे दुख छोटे होने लगते हैं तो फिर अपनों की याद में हम दूसरों का भला कर सकते हैं। हमारी सारी शिकायतें धुल जाती हैं। सेवा का मार्ग हमें और विस्तृत करता है। मैं, मेरा से निकालकर हमें एक विशाल दुनिया का परिचय करवाता है। सेवा करते हुए हम पाते हैं कि जिनको हमने खोया है, उन्हीं की याद दिलाते चेहरे हमें हमारी यादें खुशगवार बना देंगे।

दूसरा रास्ता है प्रार्थना का, समर्पण का। जिस किसी को भी हम मानते हैं, चाहे वह ईश्वर हो, गुरु हो या फिर कोई और सम्माननीय हों, उन्हें समर्पण कर देना चाहिए और प्रार्थना करना चाहिए कि इस परिस्थिति से निकलने में हमारी मदद करें। कहते हैं, सच्चे मन से की गई प्रार्थना सुनी जाती है। ध्यान, प्राणायाम ऐसे माध्यम हैं, जो किसी की भी प्रार्थना को श्रेष्ठ बना सकते हैं, उसके समर्पण को मजबूती दे सकते हैं।

तीसरा रास्ता है अपनी शक्ति की पहचान। हमारे अंदर एक शक्ति है जो हमें अपने बिछड़े साथी, मित्र, बंधु के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित कर सकता है। हमें उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने में उनके साथ होने का आनंद मिल सकता है। उनकी याद में गोष्ठी, संगीत, सत्संग, पुरस्कार रख कर हम उन्हें बेहतर ढंग से याद कर पाएंगे।

कुल मिलाकर जो बिछड़ गया है, वह हमारी यादों में सकारात्मक रूप से रहे, यही उसके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वयं दुखी होकर या नकारात्मक होकर हम दूसरों के और अपने साथ अन्याय कर रहे होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सकारात्मक रहें। कुछ नुकसान की भरपाई कुछ ठोस काम करके या इसके अलावा सेवा, प्रार्थना, सपने पूरे करके की जा सकती है। विरह की नकारात्मकता को प्रेम में बदलना ही खाली जगह को भरना है और यह भी सत्य है कि केवल हममें से कोई खास ही इसके पीड़ित नहीं हैं, संसार में और भी लोग हैं जो इस स्थिति से गुजर रहे हैं, उसका सामना कर रहे हैं।

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी, रोड़ न.2, अशोकनगर, रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार *, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार*)

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में फैशन शो का आयोजन

स्वदेश संवाददाता

## अनेकता में एकता भारत की खूबसूरती : डॉ मुनीष गोविंद




हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शो के दौरान विभिन्न संस्कृति और पोशाक की झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय के फैशन शो में अलग-अलग परिधानों को पहनकर जब प्रतिभागियों ने रैंप पर वॉक किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस शो में विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परिवेश के विविध रंग देखने को मिले। शो के दौरान जज के रूप में डॉ रोजीकांत, डॉ विनिता कुमारी व डॉ अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां के अलग-अलग भाषा, वेशभूषा और संस्कृति भारत को खास बनाती है, वहीं अनेकता में एकता के देश भारत की विभिन्न संस्कृतियां, इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि फैशन शो प्रतियोगिता से जहां विद्यार्थी विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होते हैं, वहीं विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों के वेशभूषा को भी समझने का मौका मिलता है। बता दें कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीते 26 अप्रैल से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई को स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।
फैशन शो में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रणीत कुमार राणा, शिवम कुमार, ओम सिंह, कुंदन कुमार, विशाल, वासू कुमारी, रौशनी, तन्नू श्री, रविंद्र कुमार, सोनी कुमारी, मिकी राज, हेरा फातिमा, रौशनी सिंह, जेपी सिंह, किशोर कुमार, राज सौरभ, विवेक कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## ग्रामीणों ने तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगाकर केस वापस लेने की मांग को लेकर उपायुक्त को से की मुलाकात



स्वदेश संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी के अष्टमी की रोज हुए रामनवमी महुदी मार्ग विवाद दर्ज केस को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर आवेदन सौपा है। आवेदन में नामजद सभी लोगों की गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाते हुए केस को वापस लेने की मांग की गई है। इसके अलावा आवेदन में महुदी रामनवमी जुलूस विवाद मार्ग को लेकर कई बिंदुओं को रखा गया है। इसकी आवेदन की प्रतिलिपि देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, झारखंड के मुख्य सचिव, राज्य गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक झारखंड, पुलिस महानिरीक्षक, आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल , पुलिस उप महा निरीक्षक हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग तथा बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी को दी गई है। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, सीताराम राणा, दामोदर प्रसाद मेहता, रवि कुमार महतो, के अलावा अन्य उपस्थित थे।

# जय प्रकाश भाई पटेल ने दर्जनों पंचायत का दौरा, मांगा समर्थन

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को कटकमदाग प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर लोगों से समर्थन मांगा। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से। भारत का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है।
उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले इन समस्याओं का समाधान कर देश के साथ न्याय किया जाएगा। महिला आरक्षण, पहली नौकरी पक्की, अग्निवीर योजना की समाप्ति और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किया जाएगा।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी कि बैठक संपन्न

स्वदेश संवाददाता



इचाक। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी इचाक की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता की अध्यक्षता एवं संचालन परविल प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोडरमा लोकसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह एवं हजारीबाग लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का प्रचार प्रसार करेंगे एवं घर-घर जाकर वोट मांगेंगे वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों की सरकार है, गरीबों के लिए अनेक तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। गंगेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जिन गरीबों का राशन कार्ड नहीं है उन गरीबों के लिए झारखंड सरकार ग्रीन कार्ड बनाकर सभी को राशन उपलब्ध करा रही है। इंद्रदेव मेहता ने कहा की सभी बिरधा विधवा विकलांग को पेंशन देने का काम किया।
झारखंड सरकार ने दिगम्बर कुमार मेहता ने कहा झारखंड सरकार एसी-एसटी महिला पुरुष दोनों को 50 साल होने पर वृद्धा पेशन देने का काम कर रही है एवं ओबीसी महिलाओं को 50 साल होने पर बिरधा पेंशन दे रही है सभी गरीबों को झारखंड सरकार जरूरतमंद गरीबों को अबुआ आवास दिया जा रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, दिनेश्वर प्रसाद मेहता, संतोष कुमार मेहता, सुरेश टुडू, सुनील मेहता, सरवन कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने लोस प्रत्याशी के साथ मिलकर चलाया जनसंपर्क

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने लोस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के साथ कटकमदाग प्रखंड के सलगांवा, लुटा, नवाडिह पकरार, पदमपुर, बेंदी, सुल्ताना, हत्थामेड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनसंपर्क किया और लोगों के साथ मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी के उपलब्धियों को बताया व अपने घोषणा पत्र में दिए वादे को लोगों को बताया । श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है। यदि इसी तरह व्यवसाइयों को नेता बनाया जाता रहा तो हज़ारीबाग को भी पूरी तरह से बेच दिया जाएगा। यह वक्त देश को बचाने का है। यह वक्त हज़ारीबाग को बचाने का है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से तानाशाही हो चुकी है। देश से संविधान को ही खत्म कर देना चाहती है। विपक्षी दलों के नेताओं को चुनाव के वक्त फंसा कर जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को रूबरू करवाते हुए बताया कि कांग्रेस देश के सभी वर्गों के साथ न्याय करने का काम करेगी। कहा कि मजदूर, किसान, महिला, युवा और श्रमिकों सभी के लिए कांग्रेस न्यायपत्र में किये वादों को पूरा कर देश के विकास को धरातल पर उतरेगी। मुख्य रूप से उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव, रंजीत यादव सुजित सिंह दिनेश यादव , अदित्य कुमार, अजय कुमार , प्रमोद कुमार साव, उपेन्द्र कुमार, सुरेंद्र बांडों सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

# झापा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने बड़कागांव और केरेडारी में चलाया जनसंपर्क अभियान

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। झारखंड पार्टी (झापा) के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने बड़कागांव और केरेडारी का सघन चुनावी दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी जो माटी की पार्टी है जल जंगल जमीन की पार्टी है से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार के रूप में खड़ा हुआ हूं और आप सभी से समर्थन की अपील करता हूं। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा की झारखंड खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है मगर झारखंड के लोग बेरोजगारी की जिंदगी जी रहे हैं हमारे पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवा साथी डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं और बाहरी लोग हमारी संपत्तियों पर राज कर रहे हैं। कोयला हमारा लोहा हमारा बालू हमारा मगर इन सभी पर अधिकार बाहरी लोगों का है। हमारी जमीनें छीनी जा रही है और अंबानी अडानी जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है जो यहां पर हमारे खनिज संपदाओं को लूट कर राज कर रहे हैं मगर किसी भी स्थानीय तौर पर रोजगार की स्थाई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण हमारे युवा साथी निराशा की जिंदगी जी रहे हैं और बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है। इसका सिर्फ एक ही कारण है कि आज तक राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंड में सिर्फ राज किया है। खनिज संपदाओं से परिपूर्ण हजारीबाग की ही बात ले लिया जाए तो यहां कितना विकास हुआ है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है हजारीबाग के पढ़े-लिखे युवा आज पलायन करने को मजबूर है क्योंकि यहां पर रोजगार की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है जिस कारण मजबूरी वश पलायन करना पड़ता है। उन्होंने सभी से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आपके समर्थन के बिना कोई भी यहां चुनाव नहीं जीत सकता। क्योंकि जनता जनार्दन होती है।

# सिरमा और पंडरिया गांव में मचान जलकर राख, मुआवजे की मांग

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत सिरमा एवं पंडरिया गांव में पुवाल का मचान जलकर राख हो गया। सिरमा में शाम 6:30 बजे किसान मोहम्मद अलाउद्दीन तथा पंडरिया में रात्रि 11:30 बजे किसान नारायण कुमार महतो के पुवाल की मचान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग को बुझाया गया। नारायण कुमार महतो के मचान के नीचे गौशाला बना हुआ था। आग लगने की जानकारी मिलते हीं गौशाला में बंधे जानवरों को बाहर निकाल कर बचाया गया। वहीं अलाउद्दीन के मचान में कई कीमती लकड़ियां जलकर नष्ट हो गई। पुवाल का मचान जल जाने के कारण पीड़ित किसान को मवेशियों के लिए चारा खिलाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस बाबत किसानों ने प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत मवेशियों के लिए चारा उपलब्ध कराने तथा मुआवजे की मांग की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से विनोद कुमार, डब्ल्यू सिन्हा के अलावा कई लोग शामिल हैं।

## कटकमसांडी वन क्षेत्र में लगी भयंकर आग, वन विभाग मौन!

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्राधीण प्रखंड कटकमसांडी के ग्राम हरहद जंगल में भयंकर आग लगी है । आग लगने के बावजूद वन विभाग मौन है ! आग की चपेट ने जंगल में लगे पेड़ पौधों को अपनी चपेट में लेते हुए चारों ओर फैलने लगी है। ग्रामीणों के मुताबिक जंगल में आग केसे लगी इसका स्पष्ट जबाब कोई नहीं बता पा रहा है। जंगल में लगी आग से पेड़-पौधों के साथ साथ जंगली जीव जंतुओं पर भी आफत आ गई है। बताते चलें कि कटकमसांडी प्रखंड अवस्थित वन क्षेत्र का आधा हिस्सा वाइल्ड लाइफ में आता है। वहीं आधा हिस्सा पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वाइल्ड लाइफ क्षेत्र के जंगलों में लगी आग की खबर पाते ही वनकर्मी फायर ब्लोअर का इस्तेमाल कर आग को काबू पाने में सफल होते हैं लेकिन ऐसा इस बार नही हो पा रहा है। वहीं पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्र में पदस्थापित वनकर्मियों को न ग्रामीण पहचानते हैं और न ही वन सुरक्षा समिति के सदस्यों से कोई संपर्क है। नतीजतन वनकर्मियों के अकर्मण्यता से एक ओर जंगल उजड़ रहा है तो दूसरी ओर जंगलों में आग लगी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आग पूरा पहाड़ तक पहुंच गई है। इससे वन्य जीव जंतुओं व पेड़-पौधों के साथ साथ आम जन जीवन भी प्रभावित होती है। पर्यावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ता है।

## कुंदन कुमार ने राज्य स्तरीय कीक बॉक्सिंग में जीत गोल्ड मेडल, नेशनल गेम में लेंगे भाग



स्वदेश संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड के पिपराडीह गांव निवासी संजय ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार ने रांची खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर बड़कागांव का नाम रोशन किया है। कुंदन गोवा में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित नेशनल गेम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड से पांच चयनित सीनियर खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुंदन ने कहा कि मैं नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन करना चाहता हूं एवं आने वाले समय में ओलंपिक में भारत का नेतृत्व करने की ख्वाहिश है।वहीं बड़कागांव के खेल प्रेमियों ने कुंदन की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं, जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव के पूर्व खिलाड़ी शशि कुमार बागे, दीपक प्रजापति उर्फ दीपू, फिरोज खान, दीपक गुप्ता, सुरेंद्र राम तूरी के अलावा अन्य खेल प्रेमी शामिल है।

# सर्वोदय 12वीं आट्र्स क्लासेस के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। सर्वोदय आट्र्स क्लासेस, हजारीबाग के 12वीं आट्र्स के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बता दें कि मुख्य ब्रांच बुढ़वा महादेव चौक के समीप बस स्टैंड रोड में संचालित होती है जबकि दूसरा ब्रांच बाबू गांव चौक स्थित शाह मार्केट के बगल में संचालित होती है। बीते 30 अप्रैल को कक्षा 12वीं आट्र्स के रिजल्ट जारी हुई थी, जिसमें इस संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने झारखंड के कई जिलों व महाविद्यालयों में टॉप कर सफलता का परचम लहराया। ऑफलाइन बैच में पढ़ने वाला छात्र रंजन राम 439 अंक लाकर हजारीबाग जिला में चौथा स्थान जबकि अपने स्कूल प्लस टू जिला स्कूल हजारीबाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ऑनलाइन बैच के छात्र बुद्ध मंडल ने 439 अंक लाकर पश्चिमी सिंहभूम जिला में तृतीय स्थान जबकि अपने स्कूल में प्रथम स्थान पर रहे।
संस्थान की ही छात्रा दिव्या कुमारी 412 अंक लाकर संस्थान व प्लस टू जिला स्कूल हजारीबाग की तृतीय टॉपर रही। इसके अलावा प्रियंका कुमारी 406 अंक लाकर अपने महाविद्यालय में तृतीय स्थान पर रही व दीपक कुमार भी 404 अंक लाकर अपने स्कूल में तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा प्रिया कुमारी 398 अंक लाकर अपने महाविद्यालय इंटर विमेंस कॉलेज रामगढ़ में तृतीय स्थान पर रही एवं शिखा कुमारी 397 अंक लाकर अपने महाविद्यालय डीएसडी कॉलेज पत्थलगड़ा में प्रथम स्थान पर रही। इसके अलावा सूरज कुमार (400), लवली कुमारी(398), कृष्ण कुमार ( 393), चंदन हजरा(380) रानी कुमारी( 378), रिया सिंह (377) बादल कुमार(378) मोचीराम हेंब्रम ( 379)निक्की कुमारी(373) प्रिया कुमारी(373) मुस्कान कुमारी (371) श्वेता कुमारी(369) दिलचंद कुमार (368) कल्पना (367) कविता कुमारी(366) निखत परवीन 365, रिया कुमारी (365) सहित कई विद्यार्थियों ने बेहतर अंक के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। संस्थान के निदेशक सुबोध सर ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व उनकी मंगलमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान से कुल 260 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 234 बच्चे प्रथम श्रेणी से जबकि 26 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार संस्थान का रिजल्ट प्रत्येक वर्ष की भांति शानदार रही। उन्होंने आगे बताया कि 10 मई में से कक्षा 11वीं एवं 12वीं की बेहतरीन तैयारी के लिए नई बैच की शुरुआत भी की जा रही है।

## रेकी कर घर की जानकारी जुटायी, फिर विश्वास में लेकर घर का संकट दूर करने की बात कह ले भागे सोने के चेन, अंगुठी और पर्स

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। शहर में ठग लगातार महिलाओं को अपना शिकार बनाते आ रहे है। झाड़ फुंक तो कभी गहने चमकाने के नाम पर ये लोग सोने चांदी के गहने और नगदी पर हाथ फेर कर रहे है। ताजा मामला बाबूगांव चौक का है, जहां एक महिला से ठगों ने उनके घर पर छाए संकट के बादल दूर करने के नाम पर सोने के चेन, अंगुठी, और पर्स आदि लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी एक सरकारी अधिकारी की पत्नी है और बाबूगांव से गांधी मैदान संध्या में टहलने जाने के दौरान इस घटना का शिकार हो गई। इस बाबत कोर्रा थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाबुगांव निवासी गुड़िया कुमारी पति कृष्ण देव किशोर अपने घर से टहलने गांधी मैदान कोर्रा जा रही थी। इसी दौरान बाबूगांव चौक पर आदित्य विजन - एंजल स्टूडियो के पास एक 40 वर्षीय अधेड़ ने किसी व्यक्ति का पता पूछने के बहाने उन्हें रोका और पूरे परिवार की जानकारी, पति का नाम, बच्चों की जानकारी दे डाली। इस दौरान बताया कि उसके परिवार पर गंभीर संकट के बादल छाए हुए हैं। इसके बाद गुड़िया देवी को अपनी आंखों में देखने को बोला और फिर वह जो कहता गया वह करते चली गई। बताया कि इस दौरान उसे लक्ष्मी दान करने को कहा गया और फिर एक दुकान में उससे पूजा के नाम पर मिश्री खरीदने को कहा। एक लाल कपड़े में पहने गए सोने के चैन, अंगुठी और पर्सर रखने को कहा। इसके बाद बिना पीछे देखे 51 कदम आगे जाने को कहा। जब वे 51 कदम बिना पीछे देखे आगे बढ़ी तो उसे सम्मोहन खत्म होने का आभास हुआ और फिर जब गहने आदि ना देखकर उस व्यक्ति की तलाश करना प्रारंभ किया तो वह फरार हो चुका था।

# एनडीए प्रत्याशी ने चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के 27 गांवों में चलाया जनसंपर्क

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। एनडीए लोस प्रत्याशी मनीष जायसवाल शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के टूटकी, किमो, चोय, उदलू, आंगो, ओरिया, नगड़ी, चुरचू, बोदरा, चीचीकलां, सरवाहा, चनारो, बहेरा, कजरी, फुसरी, चरही मंडाटांड़, इंदरा, जरबा, दासोखाप, मुकरू, हरहद, नीमाडीह, कारूखाप, हेंदेगढ़ा, कवाड़बंदा, वाकाडीह सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क चलाकर अपने पक्ष में समर्थन देने की अपील की। मौके पर हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस के 62 साल में पीएम मोदी का पिछला 10 साल भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में हिंदुस्तान को पाकिस्तान और चीन आंख दिखाते थे वो हिंदुस्तान का डंका वर्तमान समय संपूर्ण विश्व में गूंज रही है। श्री जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत का संकल्प लें इसबार और फिर एक बार बनाएं मोदी सरकार। मौके पर विशेषरूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेत रंजीत सिन्हा, पुरुषोत्तम पांडेय, तोकेश सिंह, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष वकील महतो, भाजपा डांडी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा मांडू मंडल महामंत्री रवि साहू, आजसू के हजारीबाग विधानसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, आजसू चूरचू प्रखण्ड अध्यक्ष गोविंद महतो, जदयू विधानसभा के प्रभारी दुष्यंत पटेल, चूरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, भाजपा के चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, रंगीला महतो, इंद्र कुमार पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से किया गया रोटी दान

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। रोटी दान कार्यक्रम आयोजित कर राजनीति विज्ञान विभाग एक महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहा है। इससे एक तरफ जहां जरूरतमंदों को रोटी उपलब्ध हो रही है। वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी दान करने का संस्कार सीख रहे हैं। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कही। वह शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रोटी दान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कुलपति कार्यक्रम को देखकर बहुत भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि मैं इससे पहले कभी ऐसा किसी कार्यक्रम को नहीं देखा है। मैं इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मैं आशा करती हूं कि इस कार्यक्रम को विभाग आगे भी चलता रहेगा। विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि 2015 से विभाग समय-समय पर हजारीबाग रोटी बैंक को रोटी दान करता रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दान करने वाले दिन विभाग के सभी एक रोटी कम खाते हैं । उसी रोटी को पूरी श्रद्धा के साथ दान करते हैं। इसके बाद विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षकों ने एक-एक रोटी, रोटी बैंक के कंटेनर में दान किया। इस अवसर पर कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम ने भी अपने तरफ से एक-एक रोटी दान किया। विभागीय शिक्षक डॉ मार्गरेट लकड़ा, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार, डॉ अजय बहादुर सिंह, विश्वविद्यालय के सहायक सचिव कुमार विकास, विभाग के शोधार्थी, इंस्पायर फेलो एवं चतुर्थ एवं द्वितीय समसत्र के विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

NEWS IN Gallery

### ओझा गुणी के विवाद में पिता की गोली मारकर हत्या

**पलामू :** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनाग गांव में एक बेटे ने पिता की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बेटा समेत पूरा परिवार फरार है। घटना के पीछे ओझा गुणी का मामला सामने आया है। लगातार विवाद होने के कारण गुस्से में बेटे ने पिता की हत्या की। एमआरएमसीएच में शुक्रवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम किया गया। रतनाग गांव में 60 वर्षीय कृष्ण सिंह कथित ओझा गुणी का काम करता था। गोतिया परिवार के लोग उस पर भूत लगा देने का आरोप लगाते थे। ऐसे में विवाद होते रहता था। कई बाद पंचायत भी हुई थी। कृष्णा सिंह को ऐसे कार्य नहीं करने की सलाह दी गयी थी। इसके बावजूद उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। ऐसे में गुस्से में आकर छोटे बेटे सरोज सिंह ने गुरुवार को भरदूआ बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के पीछे छोटे बेटे के साथ चार पांच वर्ष से जमीन विवाद भी सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार इसी विवाद में पिता और बेटे के बीच बहस भी हुई थी। बहस के दौरान छोटे बेटे ने घर में रखे भरदुआ बंदूक से पिता को गोली मार दी। गोली लगने के बाद पिता कृष्ण सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

### एक ने खरीदा पर्चा तो 3 प्रत्याशी ने किया नामांकन



**बोकारो :** गिरीडीह लोकसभा के लोकहित अधिकार पार्टी के बैनर तले ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ गुडु साह ने आपना नामांकन पत्र खरीदा तो वहीं निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष यादव ने अपने दूसरे सेट में नामांकन किया। मौके पर पहुंचे प्रत्याशियों ने कहा कि आज के समय में पक्ष और विपक्ष एक दुसरे पर खींचा टानी करते रहते हैं, आम आदमी को किसी तरह का कोई लाभ नहीं मिलता है, अभी लोकसभा का चुनाव है प्रत्याशी व उनके सहयोगी के द्वारा जगह जगह पर बैठक कर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर मतदाताओं को लुभाने का दोर चल रहा है एक दुसरे कि कमजोरी को उजागर करने का प्रयास चल रहा है। लेकिन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं किया जा रहा है हम समाज के लोगों की मूलभूत सुविधाएं एवम उनके मौलिक अधिकार को दिलाने का काम करेंगे।

### अवैध बालू माफियाओं पर कार्रवाई जारी

**बुढ़मू :** बुढ़मू पुलिस की अवैध बालू माफियाओ पर कार्रवाई जारी है। शुक्रवार 3 मई को अवैध बालू लदा 5 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। अवैध बालू के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी मे शुक्रवार को बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के चकमे टोंगरी के झाड़ियों मे अवैध बालू लदा 5 टैक्टर को छुपा कर खड़ा किया गया है, जिसकी सूचना मिलने पर बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार पुलिस के साथ पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए झाड़ियों मे छुपा कर रखा गया 5 ट्रैक्टर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

स्वदेश संवाददाता



**गिरिडीह :** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी। कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। सरकार चलाने के भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी। कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं है? यदि वे भाजपा शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है। कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

## गाण्डेय विस सीट पर उप चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन बैठा ने किया नामांकन

स्वदेश संवाददाता



**गिरिडीह :** जिले की गांडेय विस सीट पर 20 मई को होने वाले उप चुनाव में शुक्रवार को एनडीए गठबंधन को झटका देते हुए आजसू के अर्जुन बैठा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में अर्जुन बैठा ने कहा कि वे आजसू से इस्तीफा दे चुके हैं। अर्जुन बैठा ने भाजपा पर खुद की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ उनकी अंतिम बैठक में आजसू प्रमुख ने 2024 के चुनाव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया था लेकिन भाजपा की लगातार उपेक्षा के कारण वे घुटन महसूस कर रहे थे। अब एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज कराना ही उनकी प्राथमिकता है। इधर, आजसू के गिरिडीह जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि अर्जुन बैठा ने पार्टी से इस्तीफा क्यों और कब दिया है लेकिन यदि इस्तीफा देकर वे चुनाव लड़ रहे हैं तो पार्टी उनके साथ नहीं है। एनडीए के साझा उम्मीदवार दिलीप वर्मा को पूरी पार्टी का समर्थन मिलना है। उललेखनीय है कि 2019 के पूर्व अर्जुन बैठा ने जेएमएम छोडकर आजसू के टिकट पर गाण्डेय से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हे हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा के दिलीप वर्मा को टिकट दिये जाने के बाद से ही वे खफा थे।

## जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो को बोकारो प्रशासन ने भेजा नोटिस, सात मई को बुलाया



**बोकारो :** जिला प्रशासन ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयराम महतो को अब नोटिस भेजा है। नोटिस निर्वाचन शाखा ने जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद लग रहा है, जिसका सत्यापन निर्वाचन पदाधिकारी को करना आवश्यक है। नोटिस में कहा है कि इस संबंध में आपको अवगत कराने के लिए बोकारो निर्वाचन शाखा ने आपको दो मई को दो बार फोन किया गया लेकिन आपने फोन नहीं रिसीव किया। आपको इस बात की सूचना देने के लिए आपके घर नोटिस भेजा गया है। साथ ही चार दैनिक अखबारों में नोटिस प्रकाशित की गयी है। आप सात मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी के पास उपस्थित हों। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो ने दो मई को नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसके बाद रांची से डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने की बात कही। महतो को बताया गया कि 2022 में विधानसभा घेराव के दौरान उनपर एफआईआर दर्ज हुआ था। इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी होनी है। वहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में जयराम के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

## क्रांतिकारी नेता करण महतो ने धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बनाकर ऐतिहासिक मानव श्रृंखला बनाने वाले क्रांतिकारी नेता करण महतो ने धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भाषा आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारण महतो ने कहा कि मानव श्रृंखला में जो 3 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं और पुरुष सड़क पर उतरी थी। वह चाहती है कि धनबाद लोकसभा से कोई क्रांतिकारी चुनाव लड़े और इसी को लेकर आज मैंने घोषणा की है। जिस रामडीह मोड़ से भाषा संघर्ष समिति का गठन किया गया था, वहीं से आज इसकी घोषणा की गई है। करण महतो ने कहा कि हम लोगों की मांग पर मैदान में उतर रहे हैं और स्वाभाविक है केंद्र में सत्ता अगर मोदी की है तो सवाल भी हम उन्हीं से पूछेंगे। क्योंकि हम सवाल जवाहरलाल नेहरू से नहीं पूछ सकते हैं । नौकरी बेरोजगारी समस्या और धनबाद के हवाई अड्डा और एम्स को देवघर ले जाने पर सवाल हम पूछने का काम करेंगे। जो भी समस्याएं बीसीसीएल की है उन पर हम सवाल उठेंगे और हम बेहतर तरीके से चुनाव लड़ेंगे, ताकि लोगों की जो मांग है उसे पूरी की जा सके। साथ ही कहा कि बाहरी भीतरी के सावल पर कहा कि बाहरी भीतरी से दिक्कत नहीं है, दिक्कत है हख अधिकार का जो जमीन मेरा बाप का वे किसी और का नहीं हो सकता। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ऑनलाइन आम बनकर मनाया मैंगो डे

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप के अतंर्गत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने काफी उत्साहित होकर ऑनलाइन मैंगो डे प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमें श्रद्धानंद, दयानन्द, हंसराज विवेकानन्द के बच्चों ने हरे और पीले मैंगो के रूप में तैयार होकर हिंदी व अंग्रेजी में कविता वाचन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने बच्चों द्वारे ऑनलाइन माध्यम से मैंगो डे सेलिब्रेशन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के एक्टिविटी में भाग लेने से बच्चों में उच्चारण संबंधी दोष का निवारण होगा, उनके लैंग्वेज स्कील का भी विकास होगा । मौके पर शिक्षिका भावना घले ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के आम के बारे में उनके द्वारा बनाए व्यंजन के बारे में आम उत्पादन के लिए खास मौसम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अराधना कुमारी ने किया । इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से अभिनंदन सिन्हा, अर्नव मिश्रा, रोशन राज, सृष्टि कुमारी, सुष्मिता बेसरा, वंशिका कुमारी, विद्यांशु कुमार, विवेक उरांव, निखिल सिंह, मेवान कुमार, जतिन कुमार व कक्षा यूकेजी से आरव, आरोही, अखिल, इस कार्यक्रम में भावना घले, अराधना कुमारी, सीमा मिश्रा ने पूरा सहयोग किया ।

## बीडीओ ने एसएस केवी हाई स्कूल में मतदान को लेकर किया जागरूक

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी बढ़ाने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत एस एस केवी हाई स्कूल में बीडीओ सह सीओ सोमनाथ वंकिरा नें मतदातान को लेकर छात्र छात्राओं किया जागरूक । इस मौके पर जिला परिषद सदस्या श्री मति सरिता देवी 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष जागेश्वर यादव बीडीओ सह सीओ सोमनाथ वंकिरा धूना पँचायत की लोकप्रिय मुखिया सोनी कुमारी भाजपा जिला महामंत्री व विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य सतीश सिंह भूमिदाता सचिदानंद प्रसाद रणधीर सिंह जिला परिषद प्रतिनिधि भरत साव मुखिया प्रतिनिधि रामा शंकर राम समेत अन्य उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राओं को मतदान के दिन अपने- अपने परिवार एवं गांव और समाज के सभी मतदाताओं से निष्पक्ष और भयरहित मतदान करने की अपील की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, बीएलओ से मतदाता सूची में अपना नाम देखने, आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल एप, ईवीएम, वीवीपेट मशीन, मतदान के दिन मतदान पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य पहचान पत्र के साथ मत देने, दिव्यांग मतदाताओं को मत देने हेतु विशेष सुविधा सहित आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव अभियान को सफल बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उपस्थित लोगों के साथ चौपाल में चर्चा की गई।

## हथियार से लैस अपराधियों ने सीसीएल कर्मी के घर में घुसकर की लूटपाट

**रामगढ़ :** जिले में पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। लेकिन अपराधी भी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। जिले के बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में हथियारबंद अपराधियों ने एक घर में घुसकर लूटपाट की। क्षेत्र के बड़गांव में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने आधी रात को आवास में घुसकर अकेली सो रही महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की । वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई। पीड़ित महिला ने अपराधियों से जुड़े कुछ सुराग पुलिस को दिए हैं। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

**लगभग एक दर्जन अपराधियों ने घर पर बोला धावा**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की आधी रात करीब दो बजे वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव गांधी चौक के निकट खेत के किनारे बने नये घर में करीब एक दर्जन अपराधियों ने हथियार के साथ प्रवेश किया। घर में अकेले सोयी घर की मालकीन सीसीएलकर्मी लीला देवी पति स्व. सुदामा महतो को कब्जे में ले लिया।

## प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजधानी रांची में रोड शो के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। प्रधानमंत्री के एयरपोर्ट से राजभवन तक रोड शो के दौरान सड़क के दोनों और बैरिकेडिंग की हुई थी। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान की तैनाती की गई थी। राजधानी रांची में सुरक्षा को लेकर आठ आईपीएस, 30 डीएसपी, इंस्पेक्टर- सब-इंस्पेक्टर रैंक के 200 अधिकारी और 1500 जवान तैनात किये गये थे। वहीं दूसरी ओर एसपीजी की टीम भी प्रधानमंत्री के सुरक्षा में तैनात दिखी।

**कोनी मुखिया रंजय ने किया जिला टॉप छात्रा पारुल को सम्मानित**

## जिला टॉपर पारुल ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव : रंजय भारती

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** कोनी पँचायत के बनथु गांव की मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाली सामीक प्रजापति की पुत्री इंटर कला में जिला में प्रथम स्थान लाने वाली व राज्य स्तर पर 11 वां स्थान लाने वाली पारुल को कोनी पँचायत के मुखिया सह मुखीया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती नें पारुल के घर बनथु पहुँच कर पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया । इस मौके पर आशीष चंद्रवंशी राजा सिंह टॉपर की माता पिता व दादा भी उपस्थित थे । इस मौके पर मुखिया सह मुखीया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती नें कहा कि हमारी आम धारणा होती है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का निम्न स्तर होता जोकि निराधार है। जबकि जिला टॉपर पारुल व अन्य छात्राओं के परीक्षा परिणाम से सिद्ध होता है कि बच्चे पढ़ाई में रूचि रखते हों तो सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षक के मार्गदर्शन में अच्छे अंक लेकर परीक्षा में जिला व झारखंड टॉप होते हैं। इस मौके पर मुखिया रंजय ने पारुल को आगे बढ़ने व क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के लिए खूब सराहना किया । पारुल ने कहा कि आगे का लक्ष्य आईएस बनना है ।

**खुलासा** | पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म एवं हत्या के मामले का किया उद्भेदन

# प्रेमिका की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया



**दुमका :** जिले के जामा थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म एवं हत्या के मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या के आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपहाड़ी गांव निवासी बाबुजन मुर्मू है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रांगा गांव के जंगल में युवती का दुष्कर्म एवं हत्या कर शव पेड़ से टांग देने का मामला प्रकाश में आया था। मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि मृतका मेरिनिला बेसरा के पिता बाबुशल बेसरा ने अपने बयान में बताया था कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपहाड़ी गांव के बाबुजन मुर्मू से उसकी बेटी प्रेम करती थी। बुधवार की शाम को वह गांव के बाहर मिलने के लिए प्रेमिका को बुलाया था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह उसका शव गांव के पास ही जंगल में टंगा मिला था। मृतका के पिता ने रेफ कर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। एसपी दुमका के निर्देषानुसार एसडीपीओ, जरमुंडी संतोष कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गुरुवार रात छापेमारी कर आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही।

### कांडी थाना में एक भवन के दो रूम सील

**गढ़वा :** कांडी थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के आदेश के अनुसार कांडी थाना में स्थिति आउट पोस्ट ओपी को स्थानीय गवाहों के समझ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के नाजीर दीपक कुमार के द्वारा एक भवन के दो रूम सील किया गया. ताकि इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा, इस पूरे परिसर की देखरेख की जिम्मेदारी कांडी थाना के प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से दिया जाता है. विदित है कि इस कांड के वादी अजय कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में फरियाद याचिका में वर्णित खाता 206 प्लौट संख्या, 78, रकबा 05 डी का मामला अगले आदेश तक उच्च न्यायालय के विचाराधीन है। मौके पर कांडी अंचलाधिकारी मो। अफताब आलम, सीआई जगरनाथ मांझी, न्यायालय क्लर्क महेन्द्र राम, थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप पासवान, विनोद राम, कन्हाई पासवान आदि लोग मौजूद थे।

## महिला कभी अपराध और अपराधियों का साथ नहीं दे सकती : अनुपमा सिंह

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** लोकसभा चुनाव अब जैसे जैसे नजदीक आते जा रहा है वैसे वैसे लोकसभा चुनाव का प्रचार तेज पड़ता जा रहा है । गर्मी के आंच के तरह प्रत्याशी भी पसीना बहाने में लगे हुए है। ऐसे में धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का अब बुद्धिजीवियों के बीच जाकर समर्थन मांग रही हैं ।बोकारो के अधिवक्ताओं ने आज अनुपमा सिंह को बुलाकर जायका में महागठबंधन प्रत्याशी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया किया, इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता अधिवक्ता घनश्याम नारायण सह महासचिव जिला कांग्रेस बोकारो के द्वारा किया गया, उन्हों ने कहा प्रत्याशी को अच्छे मतो से जिताने को कहा ,साफ छवि, बेदाग प्रत्याशी है ,और बोकारो के सभी अधिवक्ता उनके साथ हैं जिताने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याओं को कांग्रेस प्रत्याशी के समक्ष रखने का काम किया। मीडिया से बात करते हुए अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने कहा कि हम लोग अपनी बातों को रखने का काम किए हैं। अधिवक्ताओं की कुछ समस्या है जिससे उनको अवगत कराया गया है। हमें उम्मीद है कि इन समस्याओं को वह सांसद बनने के बाद दूर करने का काम करेगी और हम लोग भी जनता को न्याय देने में पूरी तरह से तैयार रहेंगे। लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि लोगों का समर्थन मिल रहा है महिला कभी अपराध और अपराधियों का साथ नहीं दे सकती है। महिला से किसी व्यापारी को भी कोई परेशानी नहीं हो सकती है ऐसे में लोग हमें जीत का आशीर्वाद भी दे रहे हैं। इस अवसर पर सुशील झा और इस कार्यक्रम में रामकिनकर शर्मा ,विद्दु राम चौहान, आयसा प्रविन इत्यादि अधिवक्तागण शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता ही लोकतंत्र की शक्ति का आधार : कर्नल राज्यवर्धन



**जयपुर, एजेंसी।** उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले, जनसरोकार की पत्रकारिता के पैरोकार और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सशक्त प्रहरी के रूप में कार्यरत समस्त पत्रकार साथियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर हैं। इस दिशा में समस्त पत्रकार साथियों का सहयोग और योगदान सराहनीय है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा, आपका निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता का योगदान ही लोकतंत्र की शक्ति का आधार है। प्रेस की स्वतंत्रता ही संवैधानिक अधिकार एवं मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने का बड़ा आधार है। आप सभी निर्भीक होकर निरंतर देश की सेवा करते रहें, यही कामना है।

### मुख्यमंत्री धामी के लिए अपनी सीट छोड़ने वाले पूर्व विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी का निधन



**देहरादून , एजेंसी।** उत्तराखंड के चंपावत से पूर्व विधायक रहे कैलाश गहतोड़ी का शुक्रवार को निधन हो गया है। ये वही पूर्व विधायक थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए अपनी सीट छोड़ी थी। कैलाश गहतोड़ी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहतोड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कैलाश गहतोड़ी के निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा से चुनाव हारे तो उसके बाद बीजेपी हाईकमान ने उनके ऊपर विश्वास रखते हुए उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनाया था। मुख्यमंत्री धामी को 6 महीने में फिर से चुनाव जीत कर अपनी विधायकी को बचाना था। चंपावत से उस समय विधानसभा चुनाव में जीते कैलाश गहतोड़ी ने सीएम के लिए अपनी सीट छोड़ दी। मुख्यमंत्री धामी चंपावत से चुनाव लड़े और रिकॉर्ड जीत दर्ज करते हुए अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की निर्मला गहतोड़ी को 55,025 मतों के अंतर से हरा दिया। गहतोड़ी को पार्टी ने राज्य वन विकास निगम का अध्यक्ष बनाया था। गहतोड़ी को कैबिनेट स्तर का दर्जा दिया गया था। विगत शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पहुंच कर मुलाक़ात की तथा कुशलक्षेम पूछी थी।

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में शिवसेना नेता को लेने जा रहा हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त



**रायगढ़, एजेंसी।** एक चौंकाने वाली घटना में शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा एक निजी हेलीकॉप्टर लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अंधारे ने खुद लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग साझा की है। इसके मुताबिक, हेलीकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लड़खड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर का पायलट कूदने में कामयाब रहा और बाल-बाल बच गया, लेकिन रायगढ़ के महाड शहर में हुई दुर्घटना में सफेद और नीले रंग का रोटरी-विंगर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और बचाव दल घटना की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अंधारे चुनाव प्रचार के लिए एक कार में रवाना हुई।

### राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर भाजपा ने कहा, अब यहां से भी भागेंगे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर तस्वीर साफ कर दी है। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं अमेठी से कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है। इसके बाद भाजपा ने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर निशाना साधा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, इससे यह जाहिर होता है कि राहुल गांधी ने वायनाड से अपनी हार स्वीकार कर ली है। वह पहले अमेठी से भागे, अब वायनाड से और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं। इसलिए वह अब रायबरेली से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पहले राहुल गांधी ने अमेठी से हार मानी, अमेठी को छोड़ कर भागे, अब वायनाड को छोड़ कर भागे और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा। वह देश संभालने की बात करते हैं, लेकिन ना वह अमेठी संभाल पाएं, ना वायनाड संभाल पाएं।

# मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा, इस्लामिक देशों ने भी दिया मोदी को सम्मान: राजनाथ सिंह की अपील

**सुपौल, एजेंसी।** रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने विपक्ष के भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने के आरोप को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई इस्लामी देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। बिहार के सुपौल और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस और उसके सहयोगी राजद से सावधान रहने का आग्रह करने के साथ विपक्षी दलों पर उन्हें धोखा देकर वोट मांगने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, ''जहां तक भाजपा और राजग का प्रश्न है, तो हम लोग जात-पात, पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं।'' उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा, ''पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण की सुविधा है तथा मुस्लिम समाज में जो बहुत पिछड़े और गरीब हैं, वे इसमें शामिल हैं। आप कहते हैं कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। क्यों उनकी आंखों में धूल झुक रहे हैं। भारत का संविधान इस बात की इजाजत देता ही नहीं है कि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। मैं मुसलमान भाइयों से कहना चाहता हूं कि आप लोग इनके बहकावे



नहीं आए।'' कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, ''ये हमपर हिंदू-मुसलमान करने का आरोप लगाते हैं जबकि अरब जगत के पांच देशों ने अपने सबसे बड़े सम्मान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नवाजा है।

उन्होंने कहा, ''मैं मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहता हूं... हां हमने एक काम किया है, तीन तलाक की प्रथा को समाप्त किया है। हम किसी को धोखा नहीं देना चाहते हैं और डंके की चोट पर कहते हैं कि हां हमने किया है क्योंकि हम समाज को बांट कर राजनीति नहीं करना चाहते।'' सिंह ने कहा, ''चाहे मुसलमान हो, हिंदू हो, ईसाई हो या यहूदी हो, सबकी मां-बहन, बेटी हम लोग की मां-बहन, बेटी हैं। हम लोग ऐसा नजरिया रखते हैं। हम किसी भी धर्म के लोगों को इस बात की इजाजत नहीं दे सकते कि आप किसी की बेटी से शादी कीजिए और 10 दिन के बाद तलाक-तलाक-तलाक बोल कर उनकी छुट्टी कर दीजिए। हम अपने मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहते हैं कि आप इस पर विचार कीजिए। बहुत सारे मुसलमान भाई इसका समर्थन कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है। सिंह ने कहा, ''सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा, ''इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है।'' उन्होंने कहा, ''सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम पूरी तरह से कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है। सिंह ने कहा, ''अब विपक्ष चिल्ला रहा है कि इससे लोकतंत्र ख़तरे में पड़ जाएगा। आपको बता दें कि आजादी के बाद से अब तक कम से कम 28 लोग निर्विरोध चुने गए हैं। उनमें से 20 कांग्रेस के थे और दो उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी के थे।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगले दस वर्षों में कांग्रेस ''डायनासोर की तरह'' विलुप्त हो जाएगी और आने वाली पीढ़ियों को बताना होगा कि कांग्रेस नाम की कोई चीज़ अस्तित्व में थी। सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी चाहते थे कि पार्टी को भंग कर दिया जाए, ऐसा लगता है कि उनकी आत्मा पार्टी को कोस रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि वह किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ बोलना नहीं चाहते जो प्रधानमंत्री रहे हों क्योंकि इसमें एक संस्था शामिल थी, न कि सिर्फ एक व्यक्ति। जवाहरलाल नेहरू के बाद से कांग्रेस प्रधानमंत्रियों के शासन और मोदी के शासन के बीच अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था कि सरकार द्वारा खर्च किए गए प्रत्येक रुपये में से केवल 15 पैसे ही लोगों तक पहुंचते हैं और मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा था।

सिंह ने कहा कि वे यह नहीं कहते कि हमारे यहां लोग दूध के धुले हुए हैं लेकिन जब भी कोई किसी गलत काम का दोषी पाया जाता है तो भाजपा नेतृत्व वाला राजग दागी तत्वों दूध की मक्खी की तरह निकल फेंकने से पीछे नहीं हटता है। भाजपा नेता ने अपने बिहार के सहयोगी मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा, ''आपको उनसे कई शिकायतें हो सकती हैं लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि वह भ्रष्ट हैं। इसके विपरीत राजद है जो सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार को लेकर सबसे कुख्यात रही है।

## रविंद्र सिंह भाटी को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार, बाड़मेर पुलिस की पकड़ में आया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के बाड़मेर जिले से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मैसेज



भेजने वाले व्यक्ति मगाराम निवासी सारणों का तला, आडेल थाना रागेश्वरी को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने जैसी टिप्पणी करने से बचे, अन्यथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को फेसबुक पर गैंगस्टर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम से धमकी भरी पोस्ट की गई थी। वायरल होने पर सूचना मिलते ही सोशल मीडिया सेल द्वारा इस संबंध में जानकारी करते हुए आरोपी मगाराम को नामजद किया गया। इस पर बालोतरा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दस्तयाब किया। जिसे पूछताछ के बाद थाना रागेश्वरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी मीना ने बताया कि आरोपी मगाराम से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने अपने मोबाइल में फेसबुक व इंस्टाग्राम की तीन आईडी मगाराम 04, रोहित गोदारा कपूरीसर व मुकेश उर्फ मगाराम 123 के नाम से बना रखी है। रोहित गोदारा के नाम से उसने करीब 45 दिन पहले ही आईडी बना गूगल से फोटो लेकर प्रोफाइल व कवर फोटो पर लगाई थी। एसपी मीना ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने आगे बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी व उमेदाराम बेनीवाल के बारे में उसने कमेंट देखे तो आवेश में आकर फर्जी आईडी से सिणधरी व बालोतरा के बीच बस में सफर के दौरान 27 अप्रेल को एक पोस्ट विधायक रविंद्र सिंह की आईडी तथा एक पोस्ट समाचार चैनल राजस्थान तक पर पोस्ट कर धमकी भरा कमेंट कर दिया।

एसपी ने बताया कि पोस्ट वायरल होने के दो-तीन घंटे के अंदर ही मीडिया में खबर आई तो उसने घबरा कर सारे पोस्ट डिलीट कर दिए तथा रोहित गोदारा कपूरीसर वाली आईडी का नाम बदलकर गुमान सिंह जोधपुर के नाम से आईडी बना ली। फिर डरते हुए रात में उस आईडी को भी डिलीट कर दिया।

## इटली की बहू मंजूर, अपनी बहू नामंजूर, शरद पवार पर भाजपा ने बोला हमला

**बारामती, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र की 11 सीटों पर 7 मई को वोट डाले जाने हैं। इनमें बारामती, कोल्हापुर, सतारा, सांगली, लातूर, उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, हातकणंगले, माढा और सोलापुर सीटें शामिल हैं। सबसे दिलचस्प मुकाबला पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाले बारामती सीट पर है, जहां ननद और भाभी आमने-सामने हैं। यानी एनसीपी संस्थापक शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं। महाराष्ट्र के सियासी इतिहास में ऐसा पहली बार है जब पवार परिवार की बहू और बेटी एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। शरद पवार ने बहू सुनेत्रा को कथित तौर पर बाहरी बताकर लोगों से बेटी को जिताने की अपील की है। हालांकि, शरद पवार इसका खंडन कर चुके हैं और कह चुके हैं कि उनका बयान एक सवाल तक सीमित था। इधर, भाजपा ने बहू को बाहरी कहने के शरद पवार के कथित बयान की तीखी आलोचना की है। भाजपा नेता शाइना एनसी ने कहा, जब कोई कहता है कि वो बाहर की बहू है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण लगता है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि आप इटली की बहू को स्वीकार कर सकते हैं और उसके साथ गठबंधन कर सकते हैं,लेकिन अपनी ही बहू को बाहरी कह रहे हैं। सुनेत्रा ने बारामती में जो काम किया है, वह सराहनीय है। शाइना ने कहा कि शरद पवार के शब्द रूढ़िवादी हैं। उन्होंने कहा, आपकी बेटी चुनाव लड़ सकती है।

# क्या इस बार विदिशा सीट शिवराज सिंह चौहान के लिए होगी आसान!

**विदिशा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित सीटों में से एक, भारतीय जनता पार्टी के गढ़ के नाम से प्रचलित विदिशा यूं तो इस बार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही सबकी नजरों में थी, लेकिन कांग्रेस ने यहां से एक बार फिर पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा पर दांव खेल कर इसे और चर्चाओं का केंद्र बना दिया। चार बार इस संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुके चौहान जहां पूरे राज्य में मामा के नाम से पहचाने जाते हैं, वहीं शर्मा ने सांसद रहते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र में दादा के नाम से पहचान बनाई है। ऐसे में अब ये चुनाव मामा और दादा के बीच की जंग का सामना कर रहा है। ये संसदीय क्षेत्र इसके पहले भी अपने दिग्गज प्रत्याशियों के चलते देश भर में सुर्खियां बटोर चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज इस संसदीय क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व कर





चुके हैं। लगभग तीन दशक से भी ज्यादा समय से भाजपा का अभेद किला बने हुए इस क्षेत्र में पिछले चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने लगभग पांच लाख से भी अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेंद्र पटेल को पराजित किया था। ऐसे में अब सबकी निगाहें इस बार यहां से जीतने वाले प्रत्याशी और उनकी जीत के अंतर पर टिकी हुई हैं। विदिशा लोकसभा में आठ विधानसभाएं हैं, जिनमें भोजपुर, सांची, सिलवानी, विदिशा, बासौदा, बुधनी, इछावर और खातेगांव शामिल हैं। इनमें से सिलवानी को छोड़कर अन्य सभी पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। विदिशा लोकसभा सीट में रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिले के हिस्सों को शामिल किया गया है। ये क्षेत्र सांची के स्तूपों के चलते देश-दुनिया में विख्यात है। वहीं भोजपुर का विशाल शिव मंदिर अपने ऐतिहासिक महत्व के चलते देश के चुनिंदा शिव मंदिरों में शामिल है। समूचे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से प्रचार का मैदान चौहान ने स्वयं संभाला हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान चौहान की राज्य भर में लोकप्रियता के बाद अब वे लगातार स्थान-स्थान पर न केवल अपने ही संसदीय क्षेत्र में महिलाओं के बीच चुनाव प्रचार करते देखे जा रहे हैं, बल्कि कई बार दूसरे संसदीय क्षेत्रों में भी उन्हें दूसरे प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील करते हुए भी देखा जा रहा है। वहीं, कांग्रेस की ओर से शर्मा स्वयं चुनाव की कमान संभाले हुए हैं। दोनों ही दलों की ओर से इस संसदीय क्षेत्र में अब तक किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता की कोई चुनावी सभा नहीं हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में की अपनी चुनावी सभा के दौरान मंच पर उपस्थित चौहान को विदिशा संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से जिताने की मतदाताओं से अपील की थी। अपेक्षाकृत ग्रामीण मानी जाने वाली इस लोकसभा सीट पर कुल 19 लाख 19 हजार 785 मतदाता हैं।

## देश की बेटियां हार गईं, बृजभूषण के बेटे को टिकट मिला तो भड़के रेसलर

**कैसरगंज, एजेंसी।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से इस बार पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण सिंह को टिकट दे दिया है। बीते साल बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए महिला रेसलर्स ने दिल्ली में महीने भर प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई)के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। अब उनके बेटे को जब भाजपा ने चुनावी मैदान में उतार दिया है तो खिलाड़ियों ने एक बार फिर गुस्सा जाहिर किया है।

बता दें कि फरवरी महीने में ही बृजभूषण के छोटे बेटे करण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी चुने गए थे। रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली साक्षी मलिक ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण जीत गए और भारत की बेटियां हार गईं। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपने करियर को दांव पर लगाया और कई दिनों तक सड़क पर बैठी रही। इसके बावजूद बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई। हमने न्याय की मांग की। अब गिरफ्तारी तो छोड़िए उनके बेटे को भाजपा ने टिकट दे दिया है। देश की करोड़ों बेटियों का दिल टूट गया। अब भी टिकट



उनके परिवार में ही है।

उन्होंने आगे कहा, आखिर सरकार एक व्यक्ति के आगे क्यों कमजोर है? आप सभी राम के नाम पर वोट चाहते हैं, लेकिन उनके आदर्शों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। बता दें कि बीते साल बृजभूषण के करीबी संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद साक्षी मलिक ने खेलना बंद कर दिया था। मलिक की मां ने कहा, हम बहुत ही निराश और दुखी हैं। करण सिंह को टिकट मिलना दिखाता है कि हमारी परवाह किसी को नहीं है। विरोध प्रदर्शन में ही हमारी बेटी ने खेलना बंद कर दिया। बजरंग और विनेश ने अपने पुरस्कार लौटा दिए। ऐसा लगता है यह सब बेकार हो गया। बता दें कि जून 2023 में दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 1000 पेज की चार्जशीट फाइल की थी। उनपर आईपीसी की धारा 354, 354डी, 345ए के तहत केस दर्ज किया गया था। दिल्ली की राउज अवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। 7 मई को मामले की अगली सुनवाई होनी है। रेसलर जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह हमारी पीठ पर छुरा भोंका गया है। क्या इसी के लिए हम सड़कों पर सोते थे? बृजभूषण के लोग डब्ल्यूएफआई में भी बैठे है और उनका बेटा अब चुनाव भी लड़ रहा है। बड़े शर्म की बात है। तोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता बजरंग पुनिया ने इसे देश का दुर्भाग्य बताया है। उन्होंने कहा, भाजपा खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताती है लेकिन लाखों कार्यकर्ताओं में उसे सिर्फ टिकट देने के लिए एक ही व्यक्ति मिला। पार्टी प्रज्वल रेवन्ना को लेकर भी घिरी हुई है। यह देश का दुर्भाग्य है कि देश की बेटियों को सड़क पर घसीटा गया और एक यौन उत्पीड़न के आरोपी के बेटे को चुनाव का टिकट दिया जा रहा है।

## मंडी में किसानों ने कंगना रनौत के खिलाफ खोला मोर्चा, पुराने बयानों की दिलाई याद

**मंडी, एजेंसी।** किसानों ने हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कैंडिडेट और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत से उनकी कथित अपमानजनक टिपण्णी के लिए माफी की मांग की है। संयुक्त किसान मंच ने गुरुवार को कंगना को कृषि विरोधी कानूनों के खिलाफ चले आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ उनके द्वारा दिए गए कथित बयानों की याद दिलाई है। साथ ही माफी की मांग की है। एसकेएम संयोजक हरीश चौहान ने कहा, कंगना किसानों के वोट कैसे मांग सकती हैं और हमारे समर्थन की उम्मीद कैसे कर सकती हैं? उन्होंने किसान समुदाय का अपमान किया है। उन्हें पहले माफी मांगनी चाहिए। आपको बता दें कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-2021 में हुए किसान आंदोलन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना ने कथित तौर पर पंजाब की एक महिला किसान की गलत पहचान की थी और उसे बिलकिस बानो कहा था। हालांकि वह एक 80 साल की महिला थी। उस महिला ने पहले दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में सीएए विरोधी विरोध प्रदर्शन के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं।कंगना ने अपने एक ट्वीट में आरोप लगाया गया था कि शाहीन बाग दादी भी कृषि कानूनों को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन में शामिल हुई थीं। उन्होंने बिलकिस



बानो सहित दो बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीरों के साथ पोस्ट को रीट्वीट किया और लिखा कि वही दादी जो टाइम मैगज़ीन में छपी थीं और 100 रुपये में उपलब्ध थीं। हालांकि, ट्वीटर पर लोंगों ने बताया कि दोनों महिलाएं अलग-अलग हैं तो कंगना ने अपना ट्वीट हटा लिया। चौहान ने कहा कि राज्य में 70 प्रतिशत मतदाता किसान हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य के सांसदों द्वारा उनके मुद्दों को कभी नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि एसकेएम मौजूदा चुनावों में उन उम्मीदवारों का समर्थन करेगा जो किसानों के हित की वकालत करेंगे। चौहान ने कहा, हम मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को समर्थन देंगे क्योंकि वह एसकेएम का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने विधानसभा में हमारे मुद्दे उठाए हैं।

## बीजेपी ने आगरा-फतेहपुर में लगाई प्रवासियों की टीम

**आगरा, एजेंसी।** फतेहपुर सीकरी और आगरा लोकसभा सीट मतदान तीसरे चरण में मतदान सात मई होगा। चुनावी समर जिताने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने दोनों सीटों पर प्रवासी पदाधिकारियों के टीम मैदान में उतार दी है। इन्हें मंडल स्तर पर तैनात किया जा रहा है। ये बूथ स्तर पर मोर्चाबंदी को धार देंगे। भाजपा ने आगरा, फतेहपुर सीकरी ही नहीं पूरे ब्रज क्षेत्र के लिए 280 पदाधिकारियों को मैदान में उतारा है। इनमें 57 पदाधिकारी पहले चरण में आगरा और सीकरी में पहुंचने लगे हैं।



प्रवासी पदाधिकारी मतदान तक जिले में डेरा डालेंगे। बूथ स्तर पर जातिगत समीकरणों को साधने के साथ अलग-अलग वर्गों के साथ बैठक उनके कामकाज का अहम हिस्सा रहेगा। प्रवासी पदाधिकारी दिन में पार्टी के बूथ और मंडल कार्यालयों पर रणनीति तय करेंगे तो वहीं क्षेत्र में जाकर अलग-अलग वर्गों के साथ जनसंपर्क करेंगे। चुनाव के अनुभवी रणनीतिकारों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक, पूर्व मेयर, जिपं. अध्यक्ष, संगठन के जिला और महानगर अध्यक्ष स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हैं। भाजपा के ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष हेमेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रवासियों के उनके मंडल पहले ही आवंटित कर दिए हैं। ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सोमवार से उनका आगमन प्रारंभ हो गया है। सहारनपुर और मेरठ से कई पदाधिकारी पहुंच चुके हैं। बूथ के 20 कार्यों को पूर्ण करने की जिम्मेदारी प्रवासियों की मुख्य जिम्मेदारी उनके मंडल के सभी बूथों पर चुनाव संबंधित 20 कार्यों को पूर्ण कराना है।


कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,हजारीबाग
(प्रेक्षक कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निम्नवत् सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ विवरणी अनुसार सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Mr.Chandramauli Shukla (IAS) **General Observer** **Mob. No.-8987796320** | 21-Barhi 22-Barkagaon 23- Ramgarh 24-Mandu 25-Hazaribag. | New Circuit House **(Barakar)** | Sri Sachin Agrawal, Asst. Engneer, Building Division, Hzb. Mob. No.-**9348952485** |
| 02 | Mr. Nelli Kumar Subramanyam (IPS) **Police Observer** **Mob. No.-8987796321** | | New Circuit House **(Sewane)** | Sri Praveen Ranjan, District Education Officer, Hzb. **Mob. No.-6201918968** |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु मिलकर अथवा उपरोक्त अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। (सामान्य प्रेक्षक से मिलने का 05:00 **PM** से 06:00 **PM** तक, स्थान- पुराने परिसदन)

निदेशानुसार
नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग-सह-नजारत उपसमाहर्ता, हजारीबाग

PR 324342 Election(24-25).D

## टीम प्रबंधन द्वारा दिया गया मौका बर्बाद नहीं करना चाहता था :रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** नीतीश कुमार रेड्डी, जिन्होंने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर एक रन से रोमांचक जीत हासिल करने में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 42 गेंदों में नाबाद 76 रन की शानदार पारी खेली, ने कहा कि टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम एकादश में शामिल होने का मौका दिया, एक ऐसा मौका जिसे वह कभी गंवाना नहीं चाहते थे। गुरुवार शाम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, रेड्डी ने तीन चौके और आठ छक्के लगाकर सबको चकित कर दिया, जो कि उनकी सर्वोच्च टी20 पारी भी है,



जिसमें उनके कुछ छक्के मैदान पर सीधे और कवर के ऊपर से लगे, जिससे घरेलू प्रशंसक रोमांचित हो गए। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कहूंगा कि मैं एक वास्तविक ऑलराउंडर हूं जो गेंदबाजी कर सकता है, जो बल्लेबाजी कर सकता है, जो क्षेत्ररक्षण भी कर सकता है। इसलिए, मैं हरफनमौला प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था। मैं वास्तव में पिछले कुछ समय से इस बल्लेबाजी अवसर का इंतजार कर रहा था। इस साल टीम प्रबंधन ने मुझे मौका दिया और मैं इसे गंवाना नहीं चाहता था। हैदराबाद के मध्यक्रम में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए, रेड्डी ने कहा, पिछले दो मैचों से, यह ऐसा ही रहा है। मेरी भूमिका हेनरिक क्लासेन को धमाका करने का लाइसेंस देने के लिए 14वें या 13वें ओवर तक खेलने की थी।

## आरआर पर एक रन से जीत के बाद कमिंस ने कहा, मैं सुपर ओवर के बारे में सोच रहा था



**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने गुरुवार को आईपीएल 2024 में राजस्?थान रॉयल?स (आरआर) को सांस रोक देने वाले मुकाबले में 1 रन से मात दी। मैच के बाद एसआरएच के कप्?तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम सुपर ओवर के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई थी। एसआरएच को अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करना था, राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे। इसके अलावा, वो धीमी ओवर गति के दंड के कारण केवल चार फील्डर को 30-यार्ड सर्कल के बाहर रख सकते थे। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार एसआरएच की जीत के हीरो रहे जिन्होंने आखिरी ओवर में राजस्थान रॉयल्स को 13 रन बनाने से रोक दिया। भुवनेश्वर कुमार ने रोवमैन पॉवेल को मिडल और लेग पर लो फुल टॉस के साथ एलबीडब्ल्यू आउट करके (3-41) के साथ अपना स्पैल पूरा किया। इसके साथ ही एसआरएच के लिए टेबल-टॉपर्स पर शानदार जीत हासिल की, जो अब उनकी टीम को अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचाती है। कमिंस ने कहा, शानदार मैच। हमने आखिरी गेंद तक नहीं सोचा था कि मैच हमारे पक्ष में आएगा। यह टी20 क्रिकेट है। आपको आदत डालनी पड़ती है कि बल्लेबाज आप पर हावी रहेंगे। जब आप आखिरी ओवर में होते हो तो आपको महसूस होता है कि कुछ भी हो सकता है।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिपः युवा मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी

# चार भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई। जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीता, जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौरे में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की थी।

## जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर टी नटराजन ने आईपीएल में कब्जाई पर्पल कैप

**हैदराबाद, एजेंसी।** मैदान में बेहद शांत दिखने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. दरअसल, नटराजन ने पर्पल कैप होल्डर की रेस में दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है.

मौजूदा आईपीएल का 50वां मैच हैदराबाद में 2 मई को खेला गया. इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से मात दी. हैदराबाद की जीत के हीरो भुवनेश्नर कुमार रहे,



जिन्होंने आखिरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट कर राजसथान को जीत दिलाई. सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 35 रन देते हुए 2 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही नटराजन इस आईपीएल में फिलहाल सबसे ज्यादा 15 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं. नटराजन ने 8 मैचों में 19.13 के एवरेज और 8.96 की इकोनॉमी रेट से ये विकेट लिए हैं. नटराजन के बाद जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), मुस्ताफिजुर रहमान (14 विकेट) हैं. वहीं, हर्षल पटेल, मथीशा , युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, गेराल्ड कोएत्जे, मुकेश कुमार हैं, जिनके संयुक्त रूप से 13 विकेट हैं.

## हममें से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवायाः रियान पराग



**हैदराबाद, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। पराग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी ने भी अपना विकेट फेंका है। जायसवाल ने उस स्कूप की कोशिश की क्योंकि नटराजन अच्छी धीमी बाउंसर फेंक रहे थे इसलिए उन्होंने अगली गेंद यॉर्कर समझकर यह शॉट खेला। मैंने भी सिक्स लगाने की कोशिश की और गेंद मिस हुई लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपने विकेट फेंके, अंत तक टिके रहना अच्छा होता। हम दोनों की भी योजना यह थी। पराग ने यह भी कहा कि भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और नटराजन ने आखिरी पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करके आरआर को जीत से वंचित कर दिया। पराग ने कहा, मैं काफी आश्वस्त था लेकिन आपको उन्हें इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। यह उनका घरेलू मैदान है, उन्होंने ऐसी गेंदबाजी की जैसे उन्हें पता हो कि विकेट कैसे रिएक्ट करेगी। आपको इसका श्रेय भुवनेश्वर कुमार, नटराजन और कमिंस को देना होगा। आईपीएल 2024 की दस पारियों में, पराग ने 159.14 की स्ट्राइक-रेट के साथ 58.43 के औसत से 409 रन बनाए और प्रतियोगिता में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कुछ लोगों ने उनका नाम पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में दावेदार के रूप में भी लिया था, लेकिन पराग को लगता है कि उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है।

## क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन

- फिक्सिंग के चलते आईसीसी ने सजा दी, वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वेस्टइंडीज के डेवोन थॉमस को 5 साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया है। उन पर श्रीलंका, यूएई और वेस्टइंडीज की क्रिकेट लीग में फिक्सिंग के आरोप लगे थे। जिसे उन्होंने कबूल कर लिया, जिस कारण आईसीसी ने उन्हें सजा दी।

**जुर्म कबूल करने के कारण 18 महीने कम हुई सजा-** आईसीसी ने बताया कि 34 साल के थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग ने करप्शन के 7 आरोप लगाए थे। थॉमस ने अपने ऊपर लगे आरोपों को कबूल किया, जिस कारण उनकी सजा को 18 महीने कम किया गया। उनकी सजा 23 मई 2023 को शुरू हुई, यहां से 22 मई 2028 तक वह इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे।

**वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं थॉमस-** विकेटकीपर डेवोन थॉमस वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने एक टेस्ट, 21 वनडे और 12 टी-20 खेले हैं। उनके नाम 300 से ज्यादा रन हैं।

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया




- 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की बढ़त, शेफाली - स्मृति के बीच 91 रन की पार्टनरशिप
- भारत-बांग्लादेश के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमेंस टीम ने शेफाली वर्मा तथा स्मृति मंधाना की 91 रन की साझेदारी की बदौलत सिलहट में तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। शेफाली ने 51 और स्मृति ने 47 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने 121 रन बनाकर मैच जीता।

### टॉस जीत कर भारत ने फील्डिंग चुनी

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए 6.3 ओवर में बांग्लादेश को 46 रन के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने 55 रन पर दूसरा और 85 के स्कोर पर तीसरा और चौथा विकेट लेकर बांग्लादेश के को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। बांग्लादेश की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 27 गेंदों पर 39 रन और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रनों की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयांका पाटिल ने एक-एक विकेट लिए।

### न थॉमस बैडमिंटन और न ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक

# महिलाओं के बाद पुरुष टीम भी हारी

**चेंगदू (चीन),** एजेंसी। दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया। दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली। युगल में जीत से चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोढ़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर





स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गई।

उबेर कप में जापान ने 3-0 से हराया

इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

गुरुवार को जापान के खिलाफ अश्मिता को अया ओहरी के खिलाफ 10-21, 22-20, 15-21 से हार मिली। बीस साल की ईशारानी दुनिया की पूर्व नंबर एक नोजोमी ओकुहारा से 15-21, 12-21 से हार गई। युगल में प्रिया और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मातसुयामा और चिहारू शिदा ने 21-8, 21-9 से हराया।

## जन्मदिन से पहले इंग्लैंड के घातक स्पिनर ने तोड़ा दम, 20 की उम्र में हुई मौत, जानें कैसा रहा करियर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के घातक स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया। उन्होंने 20 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेकर की मौत की पुष्टि वॉर्सेस्टरशायर की तरफ से की गई। इंग्लैंड के घातक स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया। उन्होंने 20 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेकर की मौत की पुष्टि वॉर्सेस्टरशायर की तरफ से की गई। हालांकि, अब तक उनकी मौत का कारण सामने नहीं आया है। इस घटना से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। हैरानी की बात यह है कि बेकर का निधन उनके जन्मदिन से ठीक 14 दिन पहले हुआ है। 16 मई को वह अपना 21वां जन्मदिन मनाने वाले थे।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जताया दुख-** वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब की तरफ से कहा गया कि जोश बेकर के असामयिक निधन ने सभी को हैरान कर दिया है। क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले जाइल्स ने दुख व्यक्त करते हुए कहा, जोश के निधन की खबर ने हम सभी को दुखी कर दिया है। जोश एक टीम के साथी से कहीं अधिक थे, वह हमारे क्रिकेट परिवार के अभिन्न अंग थे। हम सभी उसे बहुत याद करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लिए 2023-24 कई मायनों में उल्लेखनीय साल: सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुब्रत बिस्वास ने वित्त वर्ष 2023-24 को 'उल्लेखनीय साल बताते हुए कहा है कि इस अवधि में उपयोगकर्ताओं की संख्या, राजस्व और लाभ जैसे प्रमुख मानकों पर दहाई अंक में वृद्धि हुई है। बिस्वास ने कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 का हिसाब-किताब अभी पूरा नहीं हो पाया है लेकिन उपलब्ध आंकड़ों से राजस्व, उपयोगकर्ता और




लाभ जैसे मानकों पर ऊंचे दहाई अंक में वृद्धि होने की संभावना दिख रही है।

भारती एयरटेल की भुगतान इकाई एयरटेल पेमेंट्स बैंक के आज पूरे देश में लगभग 5,00,000 बैंकिंग सुविधा केंद्र मौजूद हैं। बिस्वास ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग की रफ्तार कायम रहने वाली है। उन्होंने कहा, ''शहरी उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या उनके भुगतान और लेनदेन की जरूरतों के लिए द्वितीयक डिजिटल बैंकिंग विकल्प चाहती है। इस कारोबार में हमने पिछले तीन-छह महीनों में नाटकीय उछाल देखा है और इससे राजस्व बढ़ा है। उन्होंने एयरटेल पेमेंट्स बैंक का ग्रामीण बाजारों में वर्चस्व होने का दावा करते हुए कहा, ''ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों को मिलाकर हम अब एक महीने में 10 लाख खाते खोल रहे हैं। यह रफ्तार संरचनात्मक है जिसका मतलब है कि हम अगले कुछ वर्षों को लेकर भी बेहद उत्साहित हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रतिद्वंद्वी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के संकट में फंसने के बाद नए खाते खोलने की दर में तेजी आई है, बिस्वास ने कहा कि बी2बी और ग्रामीण व्यवसाय के संदर्भ में स्थिति कमोबेश समान रही है। लेकिन शहरी ग्राहकों की ओर से डिजिटल पक्ष में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बिस्वास ने कहा कि वह वित्त वर्ष 2024-25 और आने वाले वर्षों में बाजार की वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान बैंक को वित्तीय समावेशन और आर्थिक एवं डिजिटल वृद्धि के दम पर मजबूत विकास परिप्रेक्ष्य और अवसर मिलेगा।

### डाबर का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 16.5 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 292.76 करोड़ रुपये रहा था। डाबर इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आमदनी मार्च तिमाही में 5.11 प्रतिशत बढ़कर 2,814.64 करोड़ रुपए हो गई है, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,677.80 करोड़ रुपए थी। डाबर इंडिया का कुल खर्च मार्च तिमाही में 3.67 प्रतिशत बढ़कर 2,490.43 करोड़ रुपए रहा। डाबर इंडिया की कुल आय मार्च तिमाही में 5.18 प्रतिशत बढ़कर 2,943.49 करोड़ रुपए रही है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 6.46 प्रतिशत बढ़कर 1,811.31 करोड़ रुपए रहा है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,701.33 करोड़ रुपए था।

# गोदरेज ने शुरू किया शेयर ट्रांसफर प्रोसेस, आदि/नादिर परिवार हासिल करेगा 20.84 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोदरेज परिवार ने अपने समूह के कारोबार के बंटवारे के बाद शेयरों का हस्तांतरण शुरू कर दिया है। स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई जानकारी के अनुसार गोदरेज परिवार ने सूचीबद्ध कंपनियों में आदि गोदरेज/ नादिर गोदरेज परिवार और जमशेद गोदरेज/ स्मिता गोदरेज परिवार की हिस्सेदारी को अलग करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत आदि गोदरेज/ नादिर गोदरेज परिवार द्वारा एक भी पाई दिए बगैर शेयर ले लेगा।

गोदरेज इंडस्ट्रीज ने स्टॉक एक्सचेंजों को दी जानकारी में बताया कि शेयरों के अधिग्रहण की प्रक्रिया भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मिलने और 30 अप्रैल की सूचना के चार दिन बाद किसी भी समय पूरी करने का प्रस्ताव है। शेयरों का हस्तांतरण पारिवारिक निपटान समझौते के अनुसार किया जाएगा।

आदि/नादिर परिवार गोदरेज इंडस्ट्रीज में 20.84 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी जमशेद/स्मिता परिवार से हासिल करेगा। इसके अलावा प्रवर्तक समूह की कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स एलएलपी के साथ साझेदारी से गोदरेज परिवार के कुछ सदस्यों को हटाने की भी योजना है। प्रमोटर समूह की इस कंपनी की गोदरेज इंडस्ट्रीज में 0.57 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके साथ ही आदि/नादिर परिवार की गोदरेज इंडस्ट्रीज में 52.01 फीसदी हिस्सेदारी हो जाएगी। गोदरेज इंडस्ट्रीज गोदरेज समूह की अन्य सूचीबद्ध इकाइयों की होल्डिंग कंपनी है।




इसके अलावा आदि/नादिर परिवार प्रवर्तक समूह (प्रमोटर ग्रुप) की एक अन्य कंपनी आरकेएन एंटरप्राइजेज के साथ ब्लॉक डील के जरिये जीआईएल में 12.65 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करना चाहता है। आदि/नादिर के चचेरे भाई रिशद नौरोजी आरकेएन एंटरप्राइजेज के निदेशक हैं। नौरोजी प्रवर्तक कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स से हट जाएंगे और केवल आदि गोदरेज परिवार ही अनामुडी रिटायरल्स में साझेदार बना रहेगा।

परिवार के मुखिया आदि गोदरेज की 0.18 फीसदी हिस्सेदारी पूरी प्रक्रिया के बाद भी ज्यों की त्यों बनी रहेगी। मगर उनकी संतानों तान्या दुबाश, निसाबा और पिरोजशा में से हरेक की हिस्सेदारी मौजूदा 0.22 फीसदी से बढ़कर 4.11 फीसदी हो जाएगी। नादिर गोदरेज फिलहाल गोदरेज इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। कंपनी में उनकी हिस्सेदारी भी इस लेनदेन के बाद 0.18 फीसदी से बढ़कर 13.12 फीसदी हो जाएगी। एक्सचेंजों को दी गई सूचना में बताया गया कि जमशेद गोदरेज, नवरोज गोदरेज, रायका गोदरेज, स्मिता गोदरेज कृष्णा और न्यारिका होलकर से शेयर लिए गए हैं।

गोदरेज इंडस्ट्रीज की गोदरेज एग्रोवेट में 64.88 फीसदी हिस्सेदारी है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में उसकी 23.7 फीसदी और गोदरेज प्रॉपर्टीज में 47.3 फीसदी हिस्सेदारी है। गोदरेज एग्रोवेट की एस्टेक लाइफसाइंसेज में 64.75 फीसदी हिस्सेदारी है। लेनदेन पूरा होने पर एस्टेक में बहुलांश हिस्सेदारी परोक्ष रूप से परिवार के पास आ जाएगी। इसीलिए गोदरेज परिवार ने एस्टेक लाइफसाइंसेज के लिए खुली पेशकश की है।

## चावल-मसालों और डेयरी सहित अन्य उत्पादों की भी होगी जांच;फलों-सब्जियों और मछलियों के भी लिए जाएंगे सैंपल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के मामले सामने आने के बाद खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी उत्पादों व मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों की जांच शुरू करने की योजना बनाई है। फल व सब्जियों, मछली उत्पादों में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों की भी निगरानी की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मसाला, जड़ी-बूटियां, दूध और दूध से बने उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाएगा। सिंगापुर और हांगकांग की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने ले रहा है। सभी मसालों के नमूने इसलिए लिए जा रहे हैं, ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि कंपनी उत्पाद में ज्यादा चीनी का उपयोग कर रही है।

**अब ज्यादा लिए जा रहे हैं सैंपल-** पिछले कुछ वर्षों में विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या 2020-21 में 1,07,829 से बढ़कर 2023-24 में 4,51,000 से अधिक हो गई है। इस आधार पर तीन गुना ज्यादा नमून लिए गए हैं। 2020-21 में 1,07,829 नमूने लिए गए। 2021-22 में 1,44,345 नमूनों का विश्लेषण किया गया। 2022-23 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया।

## ऐपल ने बनाया कमाई का रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज कंपनी ऐपल ने अपना पहली तिमाही का रिजल्ट जारी कर दिया है। मार्च तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले चार फीसदी गिरावट के साथ 90.8 अरब डॉलर रहा। कंपनी को खासकर चीन में कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान आईफोन की बिक्री में 10 फीसदी गिरावट आई है। रिजल्ट जारी करने के साथ ही कंपनी ने 110 अरब डॉलर के शेयर बायबैक प्रोग्राम की घोषणा की है। ऐपल के इतिहास में यह सबसे बड़ा शेयर बायबैक है। इस घोषणा के साथ ही कंपनी के शेयरों में करीब सात फीसदी तेजी देखने को मिली और उसका मार्केट



कैप 180 अरब डॉलर बढ़ गया। यह भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ से कहीं ज्यादा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ 113 अरब डॉलर है।

शेयरों में तेजी के साथ ही ऐपल का मार्केट कैप 2.671 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। माइक्रोसॉफ्ट (2.956 ट्रिलियन डॉलर) के बाद ऐपल दुनिया की दूसरे सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। मार्च तिमाही में आईफोन की बिक्री 45.96 अरब डॉलर रही जो अनुमानों से कम है।

## ओईसीडी ने बढ़ाया भारत की एफवा24 जीडीपी ग्रोथ का अनुमान, कहा ग्लोबल मार्केट में बढ़ेगी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 40 आधार अंक बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। सार्वजनिक निवेश तेज बने रहने और कारोबारी विश्वास में सुधार की वजह से ओईसीडी ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में तेजी का अनुमान लगाया है।




उच्च आय वाली 38 अर्थव्यवस्थाओं के अंतर सरकारी समूह ने अपने ताजा आर्थिक परिदृश्य में कहा है, 'घरेलू मांग सकल पूंजी सृजन, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश से संचालित होगी। वहीं निजी खपत में वृद्धि की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। निर्यात में वृद्धि जारी रहेगी। खासकर सेवाओं और सूचना तकनीक व परामर्श क्षेत्र में तेजी रहेगी और भारत की वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी में वृद्धि जारी रहेगी और इसे विदेशी निवेश से समर्थन मिलेगा।'

हालांकि एजेंसी ने यह भी कहा है कि निजी खपत कमजोर रहा है, जो ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वे के शुरुआती निष्कर्षों की पुष्टि करता है। इसमें कहा गया है, 'ईवे बिल, टोल संग्रह और नए वाहन व स्कूटर की बिक्री जैसे कुछ उच्च आवर्ती संकेतकों से गतिविधियों में तेजी के संकेत मिल रहे हैं। अन्य संकेतकों जैसे डिजिटल भुगतान संबंधी लेनदेन और सीमेंट का उत्पादन पूर्ववत बने हुए हैं।'

ओईसीडी ने कहा है कि राजस्व बढ़ाने में ऋण पर निर्भरता कम करने, व्यय दक्षता में सुधार और मजबूत राजकोषीय नियम जैसे क्षेत्रों में और ज्यादा काम किए जाने की जरूरत है। परिदृश्य में यह भी कहा गया है कि बहुत उच्च स्तर के सार्वजनिक ऋण को देखते हुए मौजूदा हिसाब से वित्तीय समेकन उचित है, जिससे निजी निवेश में रुकावट है।


**Format C-7**

( for political parties to publish in)
the newspapers, social media platforms
& website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**

*Name of Election : **LOK-SABHA- 2024**

Name of State/UT : **JHARKHAND**

(1) Name of the Constituency- **GANDEY VIDHANSABHA**

Name of the Candidate- **SRI DILIP KUMAR VERMA**

| Sl.No | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Criminal antecedents | | | |
| | a. | Nature of the offences | 1 | U/S 188, 269 of IPC and 51 of Disaster Management Act. allegation for participating in a Public Protest against State Government |
| | b. | **Case no.** | 1 | **GRD(T) P.S. 161/2021** |
| | c. | Name of the Court | 1 | Smt. Saqiua Koshar J.M. 1st Class Giridih |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | | N/A |
| | e. | Date of conviction, if any | | N/A |
| | f. | Details of punishement undergone, if any | | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | | N/A |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | | The selected candidate is a very sincere and dedicated party worker. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | | As a dedicated party worker, he had an edge over other individuals, considering the fact that whatever charges were alleged in the FIR and Charge sheet have no substance and were purely with a vindicative approach and personal vendetta being waged by his political enemies. That total-01 case is pending and protested, and the FIR is registered with reason of waging public protest, and the party believes that there will be no adverse outcome against the alleged accused. |

(2) Name of the Constituency- **GANDEY VIDHANSABHA**

Name of the Candidate- **SRI DILIP KUMAR VERMA**

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name is Constituency,

Signature of office bearer of the Political Party

Name and Designation Aditya Prasad, General Secretary BJP Jharkhand



## गुड बैड अग्ली में तीन अलग-अलग लुक में धमाल मचाने को तैयार अजित

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची के निर्माण में व्यस्त हैं। बीते कुछ समय पहले अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म गुड बैड अग्ली की जानकारी साझा की थी। अभिनेता अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक अधिक रविचंद्रन के साथ सहयोग कर रहे हैं। वे जल्द ही अपने दूसरे प्रोजेक्ट गुड बैड अग्ली पर काम शुरू करेंगे।

अब इस फिल्म से अभिनेता के लुक पर बड़ी जानकारी सामने आई है। निर्माताओं ने कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर और शीर्षक जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया था। प्रशंसक इस परियोजना के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं। वहीं अब फिल्म में अभिनेता के किरदार को लेकर नई जानकारियां सामने आईं। इससे पहले खबर आई थी कि अजित अधिक रविचंद्रन की फिल्म गुड बैड अग्ली में ट्रिपल रोल निभाएंगे।

अजित तीन किरदार निभाएंगे, इस पर चर्चा पहले से ही है, लेकिन अब वे तीनों किरदार कैसे होंगे, इसका खुलासा हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। नमक और काली मिर्च वाले लुक के अलावा अजित कथित तौर पर काले बालों के साथ एक युवा लुक में नजर आएंगे और कुछ हिस्सों में वे पोनीटेल के साथ नजर आएंगे।

कहा जा रहा है कि निर्देशक अधिक रविचंद्रन ने अजित के लिए एक ठोस चरित्र-चित्रण तैयार किया है। मुख्य महिला किरदार के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। कुछ दिन पहले अफवाह उड़ी थी कि श्रीलीला इस बड़ी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, लेकिन अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि फिल्म का नाम अभिनेता के किरदारों का परिचय देता है। गुड बैड अग्ली अभिनेता के तीन किरदार की झलक है। तीनों किरदारों में खरा उतरने के लिए अभिनेता पूरी मेहनत कर रहे हैं और तैयारी में लगे हुए हैं। यह 18 साल बाद होगा, जब अभिनेता का दर्शकों को ट्रिपल रोल देखने को मिलेगा। अजित को तीन अलग-अलग भूमिकाओं में देखने की खबर ने इस बीच आगामी फिल्म के लिए प्रत्याशा बढ़ा दी है।

### यामी गौतम ने अपनी

## फिल्मों को लेकर बयां किया सच



बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने अपनी फिल्मों से जुड़ा एक ऐसा सच बताया है, जिसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। यामी की इन बातों को जानकर आपको यही लगेगा कि क्या कोई शख्स ऐसा भी कर सकता है।

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों नन्हें मेहमान की खुशी के स्वागत में बेहद खुश हैं और लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनकी प्रेग्रेंसी से जुड़ी कोई ना कोई खबर उन्हें चर्चा में बनाए रखती है। आर्टिकल 370 की दमदार सफलता का पूरा श्रेय यामी को जाता है। इस फिल्म ने दर्शकों के साथ क्रिटिक्स की वाहवाही भी बटोरी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। फिल्मों को लेकर यामी ने एक इंटरव्यू में ऐसी बात कही जिसे सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे।

### यामी के दिल की बात

एक इंटरव्यू के दौरान यामी ने सिनेमाघरों और ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों और वेब सीरीज को लेकर कहा, मैंने कभी भी कोई फिल्म या सीरीज यह सोच कर नहीं कि वह ओटीटी या फिर सिनेमाघरों में अच्छी चलेगी। मैंने यह इसलिए चुनी है क्योंकि वो ऐसी फिल्में थीं, जिनमें मुझे मेरा रोल अच्छा लगता था।

### खुदको फिल्मों में देखना अच्छा लगता है

यामी ने अपनी फिल्मों को लेकर एक और खुलासा किया है। उन्होंने कहा, खुदको फिल्मों में देखना शुरू से मेरा पहला प्यार रहा है। ओएमजी 2 , उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, सनम रे, विक्की डोनर या फिर आर्टिकल 370, यामी गौतम ने बड़े पर्दे पर हमेशा अपनी काबिलियत साबित की है। वह भले ही ज्यादा लाइमलाइट में न रहती हों, लेकिन जब भी पर्दे पर आती हैं अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं।

बहरहाल, यामी गौतम इन दिनों अपनी किसी फिल्म के लिए नहीं बल्कि प्रेग्नेंसी के लिए सुर्खियों में रहती हैं। वह जल्द ही मां बनने वाली हैं। मां बनने के बाद कुछ एक्ट्रेसेज फिल्मों से ब्रेक ले लेती हैं, लेकिन यामी बी-टाउन की वर्किंग मदर्स में शुमार होने वालों में से हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में यामी ने कहा था कि वह मां बनने के बाद भी काम जारी रखेंगी और मैटरनिटी ब्रेक के दौरान भी फिल्मों में बिजी रहेंगी।



## नेटफ्लिक्स को कपिल शर्मा ने दिया 25 करोड़ का फटका

### गिरती साख के चलते बंद हो गया शो



नेटफ्लिक्स के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के पहले एपिसोड के रिव्यू में ही बता दिया था, कपिल शर्मा का जादू ओटीटी पर कतई नहीं चल पाया है। नेटफ्लिक्स ने इस शो को पहले एपिसोड के प्रसारण के पांच हफ्तों में ही बंद करने का फैसला किया है। शो के आखिरी एपिसोड की शूटिंग हो चुकी हैं और जानकारी के मुताबिक इन पांच एपिसोड में ही नेटफ्लिक्स ने कपिल शर्मा पर करीब 25 करोड़ रुपये बहा दिए हैं। कपिल शर्मा इन दिनों कलर्स टीवी के एक अंत्याक्षरी कार्यक्रम का मेजबान बनने की कोशिश में भी हैं, लेकिन उनकी घटती ब्रांड वैल्यू को देखते हुए इस कार्यक्रम के लिए प्रायोजक मिलने की बड़ी चुनौती सामने आ रही है।

स्टैंड अप कॉमेडियन से शो होस्ट और फिर कार्यक्रम निर्माता बने कपिल शर्मा का ओटीटी गेम प्लान पूरा हो चुका है। उनके नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को नेटफ्लिक्स ने बंद करने का फैसला किया। ओटीटी के सूत्रों के मुताबिक इसका आखिरी एपिसोड शूट हो चुका है और उसके बाद ही शो के सेट को हटाना शुरू कर दिया गया।

सूत्र बताते हैं कि इस शो के लिए कपिल शर्मा को करीब पांच करोड़ रुपये प्रति शो के हिसाब से भुगतान किया गया है, जबकि शो में जिस अभिनेता सुनी ग्रोवर की सबसे ज्यादा तारीफ हुई, उन्हें सिर्फ 25 लाख रुपये प्रति एपिसोड मिले हैं। शो को लेकर नेटफ्लिक्स ने किस कदर पैसे बांटे हैं, इसका अंदाजा लगाने के लिए सिर्फ इतना जानना काफी है कि सिर्फ सोफे पर बैठकर हंसने के लिए अर्चना पूरण सिंह को 10 लाख रुपये प्रति एपिसोड दिए जाने के खुलासे ने नेटफ्लिक्स में हंगामा कर दिया है।

गौर करने लायक बात यहां ये है कि नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज टीम ने अपनी बॉस बेला बजरिया के हफ्ते भर पहले भारत आने पर कपिल शर्मा शो की टीम से उनकी खासतौर से मुलाकात कराई थी। लेकिन, बताते हैं कि बेला बजरिया ने ही शो के भारी भरकम बजट के बावजूद दर्शकों में शो को लेकर सकारात्मक माहौल न होने के चलते इसे बंद करने का फैसला भारत से जाते जाते सुना दिया था।

बेला बजरिया के आने से तब नेटफ्लिक्स के मुंबई दफ्तर में काफी जोशीला माहौल देखा गया था रहा। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के कलाकारों में शो के होस्ट कपिल शर्मा के साथ साथ उनके साथी कलाकारों सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरण सिंह और राजीव ठाकुर को भी बेला से मिलने का मौका मिला। इस दौरान भारत में नेटफ्लिक्स की वाइस प्रेसीडेंट (कंटेंट) मोनिका शेरगिल और सीरीज हेड तान्या बामी भी इस जश्न में शामिल रहीं।

नेटफ्लिक्स ने तब जाहिर यही किया था कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' ऐसी पहली भारतीय वेब सीरीज बन गई है जिसने उसकी ग्लोबल लिस्ट के अंग्रेजी से इतर कार्यक्रमों की टॉप 10 सूची में चार हफ्तों से लगातार जगह बनाई हुई है। दावा किया गया कि कि शो के समर्पित प्रशंसकों ने इसे खूब प्यार दिया है। जबकि, सच यही था कि शो के पहले तीन एपिसोड कपिल शर्मा का टीवी पर शो देखते रहे दर्शकों ने पूरी तरह नकार दिए हैं और शो से लोगों को जोड़ने के लिए कपिल शर्मा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर उत्तर भारत में घर घर घूमते रहे, वह भी एक प्रायोजक कंपनी के पैसे पर।

## बिग बी के 4,999वें ट्वीट पर शुरू हुई सियासत

बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के एक ट्वीट के बाद महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। दरअसल, उन्होंने मुंबई की कोस्टल रोड़ की तारीफ में एक ट्वीट किया था। बिग बी का ट्वीट वायरल होते ही नेतागिरी भी शुरू हो गई। उद्धव ठाकरे के गुट वाली शिवसेना और बीजेपी के बीच इस सड़क के निर्माण का श्रेय लेने की होड़ मच गई है।

### बिग बी ने क्या किया था ट्वीट

नेताओं की बयानबाजी के पहले यह जान लेते हैं कि जिस ट्वीट से मामले की शुरूआत हुई उसमें ऐसा क्या लिखा था। अमिताभ बच्चन ने अपने 4,999वें ट्वीट में मुंबई कोस्टल रोड की तारीफ करते हुए लिखा कि जेवीपीडी, जुहू से मरीन ड्राइव का सफर करने में 30 मिनट लगे। उन्होंने इसे साफ सुथरी और बढ़िया सड़क करार दिया।

## भारत और पाकिस्तान को एक मानते हैं भंसाली



संजय लीला भंसाली के हर एक काम में उनके सेट की तारीफ जरुर होती है। इन दिनों उनकी पहली वेब सीरीज हीरामंडी चर्चा में हैं। नेटफ्लिक्स पर इसकी स्ट्रीमिंग शुरू हो चुकी है। लोग इसके सेट की भी जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। इसे दर्शकों की और आलोचकों की भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही हैं। अब हाल ही में, अपने एक बयान को लेकर भंसाली विवादों में आ गए हैं। निर्माता ने कहा है कि उन्होंने पाकिस्तानी दर्शकों से मिले प्यार और सम्मान को भी स्वीकार किया और कहा कि यह शो हम सभी को एक साथ लाता है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में भंसाली ने फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने अपनी पहली स्ट्रीमिंग सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में लाहौर में मुस्लिम पात्रों के बारे में एक कहानी बताने के निर्णय के बारे में बात की। भंसाली ने कहा, मुझे पाकिस्तान से बहुत प्यार मिला, लोग उत्सुकता से इसका इंतजार कर रहे थे, इसके बताए जाने का इंतजार कर रहे थे। यह एक ऐसी सीरीज है जो किसी तरह हम सभी को एक साथ लाता है।

भंसाली ने आगे कहा, यह लोग जितने अपने हैं उतने ही हमारे भी हैं। मुझे लगता है कि वे हम दोनों के हैं और दोनों देश आखिरकार बन रहे शो के लिए बहुत प्यार दिखा रहे हैं। मुझे अब भी लगता है कि हम सब एक हैं, मुझे अब भी लगता है कि हम सभी कई मायनों में जुड़े हुए हैं। दोनों तरफ के लोगों में बहुत प्यार है, कुछ लोगों को छोड़ दें तो वे मुद्दे पैदा करना चाहेंगे,लेकिन वे कम महत्वपूर्ण हैं।

भंसाली ने आगे इंटरव्यू में बताया कि हीरामंडी बनाते समय उन्हें किसी भी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा, पात्रों में ऐसी चीजें हैं, जो मेरे काम द्वारा लोगों से जुड़ती हैं। यही कारण है कि वे इसके बारे में बात करते हैं। बहुत से लोग इसे पसंद करते हैं, बहुत से लोग इसे पसंद नहीं करते हैं। यह दर्शकों और फिल्म निर्माता के साथ लेन-देन का एक हिस्सा है।

मालूम हो कि संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज के अभी तक आठ एपिसोड ही नेटफ्लिक्स पर जारी किए गए हैं। इसमें मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान, ऋचा चड्ढा ने लज्जो का किरदार, सोनाक्षी सिन्हा ने फरदीन, शर्मिन सहगल ने आलमजेब और अदिति राव हैदरी ने बिब्बो जान का किरदार बखूबी निभाया है।

## बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आ सकती हैं पांड्या स्टोर की मायरा धरती



बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 को लेकर बीच में खबर आई थी कि ये इस साल नहीं आएगा। लेकिन बाद में खुद मेकर्स ने खुलासा किया कि जून के पहले हफ्ते से इसकी शुरुआत हो जाएगी। अब इसमें कौन कंटेस्टेंट्स आएंगे, धीरे-धीरे पर्दा उठया जा रहा है। एक ने तो खुद ही इंटरव्यू दिया है और बताया कि वह इस शो का हिस्सा बनने पर विचार कर रही हैं।

मायरा धरती ने खास बातचीत में बताया कि वह बिग बॉस का हिस्सा बनने के बारे में सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि वह इस शो का अनुभव करना चाहती हैं, इसलिए इसमें जा सकती हैं। उनकी मां भी उन्हें वहां देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। एक्ट्रेस ने कहा, क्यों नहीं? मुझे नहीं पता कि मैं बिग बॉस पर्सन हूं या नहीं। मेरे अंदर बहुत एनर्जी है। लेकिन कभी-कभी मैं परेशान भी रहती हूं।

मायरा धरती ने कहा कि अगर उन्हें सामने वाली की वाइब्स पसंद हो तो वह खूब बातें कर सकती हैं। लेकिन कभी-कभी वह बहुत शांत रहती हैं। कभी-कभी उन्हें बहुत अजीब महसूस होता है। कई बार वह बातूनी हो जाती हैं। लेकिन जब मन नहीं होता तो वह बात नहीं कर सकती और ना बहस कर सकती हैं। मायरा ने कहा, मैंने ऐसी बातें सुनी हैं कि लोग ऐसा दिखने के लिए किया करते हैं। इसलिए मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगी लेकिन शायद मैं जाना चाहती हूं और इसका एक्सपीरियंस करना चाहती हूं कि वास्तव में मैं वहां क्या करूंगी। मेरी मां ज्यादा एक्साइटेड हैं क्योंकि मुझे खाना बनाना नहीं आता। अकेले नहीं रह सकती तो मां कहती हैं कि तुम वहां करने क्या जा रही हो? एक बार जब मैं चंडीगढ़ भी गई थी तो मेर लिए अकेले रहना और बिना मां के रहना बहुत मुश्किल हो गया था।

## भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रणौत की बढ़ीं मुश्किलें





कंगना रणौत बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे राजनीति में आने से पहले भी लगभग हर राजनीतिक मुद्दे पर अपनी राय रखती आई हैं। आज यानी गुरुवार को संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने कहा, कंगना किसानों से कैसे वोट मांग सकती हैं। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और हिमाचल के मंडी से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी कंगना रणौत की मुश्किलें आसान होती नजर नहीं आ रही हैं। जब से भाजपा ने उन्हें अपना लोकसभा प्रत्याशी चुना है तब से लेकर अब तक हर दिन कोई न कोई नया मामला उनके खिलाफ निकल ही रहा है। हाल ही में खबर आई है कि संयुक्त किसान मंच ने कंगना से कथित रूप से उनपर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए माफी की मांग की है। आइए आपको बताते हैं क्या है पूरा मामला।

### कंगना ने किया किसानों का अपमान

कंगना रणौत बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे राजनीति में आने से पहले भी लगभग हर राजनीतिक मुद्दे पर अपनी राय रखती आई हैं। आज यानी गुरुवार को संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने कहा, कंगना किसानों से कैसे वोट मांग सकती हैं। वे कैसे उम्मीद कर सकती है कि हम उनका समर्थन करेंगे। उन्होंने हमारा अपमान किया था।

### नहीं करेंगे कंगना का समर्थन

संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान आगे कहते हैं, कंगना ने किसानों का अपमान किया है। हम उनका समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने हमारे लिए क्या किया है। हम उन्हें वोट देंगे जो हमारे हित के बारे में बात करेगा और सोचेगा। हम मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को समर्थन देंगे क्योंकि वे एसकेएम का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने विधानसभा में हमारे लिए मुद्दे उठाए हैं।